**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
*Completely NEET Counselling Guidance specially for*
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 171 लखनऊ, बुधवार 11 फरवरी 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08

## विपक्षी दलों द्वारा पक्षपात के आरोपों के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ पद से हटाने का नोटिस दिया गया

एजेंसी।

दिल्ली। विपक्षी दलोंद्वारा पक्षपात के आरोपों के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ पद से हटाने का नोटिस दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, इस नोटिस पर फैसला होने तक ओम बिरला ने खुद को सदन की कार्यवाही से दूर रखने और आसन पर न बैठने का निर्णय लिया है। मौजूदा बजट सत्र के दौरान लोकसभा में सत्ताधारी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के बीच तनाव जारी है। 1 फरवरी को बजट पेश होने के बाद से सदन सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है। इस बढ़ते गतिरोध के बीच, विपक्षी दलों ने लोकसभा महासचिव को नोटिस भेजकर अध्यक्ष ओम बिरला को उनके पद से हटाने की मांग की है। सूत्रों से पता चला है कि ओम बिरला ने नोटिस पर निर्णय होने तक लोकसभा



की कार्यवाही में शामिल न होने का फैसला किया है।उपलब्ध जानकारी के अनुसार, अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को विपक्ष द्वारा उनके निष्कासन के संबंध में दायर नोटिस की जांच करने का निर्देश दिया। उन्होंने महासचिव से नोटिस की गहन समीक्षा करने और आवश्यकतानुसार उचित कार्रवाई करने को कहा है। मंगलवार को विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने हेतु नोटिस दिया।

दलों का आरोप है कि बिरला ने सदन की कार्यवाही में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया और कांग्रेस सांसदों पर स्पष्ट रूप से झूठे आरोप लगाकर संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई, मुख्य सचेतक के सुरेश और सचेतक मोहम्मद जावेद ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और डीएमके सहित कई विपक्षी दलों की ओर से लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह को नोटिस सौंपा। हालांकि, टीएमसी सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए और वे इसके पक्षकार नहीं थे। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस, डीएमके, समाजवादी पार्टी, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) जैसी पार्टियों के लगभग 120 सांसदों ने प्रस्ताव पेश करने के लिए नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिए थे। नोटिस में कहा गया है कि हम, अधोहस्ताक्षरी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला को भारत के संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के प्रावधानों के तहत पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव की सूचना देते हैं, क्योंकि उन्होंने लोकसभा की कार्यवाही को खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से संचालित किया है।

## बाराबंकी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान, कहा- कयामत तक बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण नहीं होगा

संवाददातां

लखनऊ/बाराबंकी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया कि बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण श्कयामत तकश नहीं होगा, उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को अपनी सरकार की कथनी और करनी का प्रमाण बताया। उन्होंने नागरिकों से कानून का सम्मान करने की अपील करते हुए कहा कि कानून तोड़ने का रास्ता सीधे सजा की ओर ले जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बाराबंकी में एक धार्मिक सभा को संबोधित करते हुए बाबरी मस्जिद मुद्दे पर अपने कड़े रुख को दोहराया और कहा कि बाबरी मस्जिद का पुनर्निर्माण कभी नहीं किया जाएगा, यहां तक कि कयामत तक भी नहीं। श्री राम जानकी मंदिर में 10वें श्री हनुमान विराट महायज्ञ और श्री रामार्चा पूजन के दौरान बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार कथनी



और करनी में विश्वास रखती है। योगी ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि यह सरकार जो कहती है वही करती है और जो करती है वही कहती है। हमने कहा था, श्राम लल्ला, हम आएंगे और वहां मंदिर बनाएंगे,श और हमने ठीक वैसा ही किया। बाबरी ढांचे पर अपने रुख को दोहराते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम आज फिर कह रहे हैं, कयामत के दिन तक। और चूंकि वह दिन कभी नहीं आएगा, इसलिए बाबरी ढांचे का पुनर्निर्माण कभी नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि बाबरी ढांचे के पुनर्निर्माण की उम्मीद रखने वाले भ्रम में जी रहे हैं।मुख्यमंत्री ने उन लोगों पर भी निशाना साधा जिन्हें उन्होंने अवसरवादी बताया और कहा कि कुछ लोग भगवान राम को केवल संकट के समय ही याद करते हैं और बाकी समय उन्हें भूल जाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को भगवान राम पहले ही भूल चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि उनके अनुसार, अतीत में राम भक्तों पर गोली चलाने वाले या धार्मिक कार्यों में बाधा डालने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। कानून का सम्मान करने की अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकों को श्कयामत के दिनश का इंतजार करने के बजाय भारत के कानूनी ढांचे के अनुसार जीवन जीने पर ध्यान देना चाहिए। योगी ने कहा कि इस देश के कानून का पालन करें। ऐसा करने से आपको लाभ होगा। कानून तोड़ने का रास्ता सीधे सजा की ओर ले जाता है। कानून तोड़कर जन्नत का सपना देखने वाला कोई भी व्यक्ति भ्रम में जी रहा है। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन को भारत की सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपराओं से भी जोड़ा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 नवंबर को अयोध्या यात्रा का जिक्र किया, जब राम मंदिर पर भव्य भगवा झंडा फहराया गया था।

## पहले जज, अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरलां के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर समीत पात्रां ने कांग्रेस को याद दिलाया इतिहास

एजेंसी।

दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है, जिसे भाजपा ने "अहंकारी रवैया" और संसदीय प्रोटोकॉल की अनदेखी बताते हुए कड़ी आलोचना की है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव की कड़ी आलोचना की। पात्रा ने तमिलनाडु के एक न्यायाधीश के खिलाफ पहले किए गए महाभियोग प्रयासों का हवाला देते हुए कांग्रेस की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। भाजपा सांसद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया है। संसद इस पर प्रतिक्रिया देगी। मैं कांग्रेस और राहुल गांधी से कुछ कहना चाहता हूं। आप इतने अहंकारी हैं कि सदन के किसी भी प्रोटोकॉल का पालन करना जरूरी नहीं समझते, और फिर कहते हैं कि आपको किसी पर भरोसा नहीं है। विपक्ष पर हमला करते हुए उन्होंने कथित तौर पर दीपम मामले में तमिलनाडु के एक न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की योजना बनाने के लिए पार्टी की निंदा की। पात्रा ने आरोप लगाया कि इसी कांग्रेस पार्टी ने दीपम मामले में तमिलनाडु के एक न्यायाधीश के खिलाफ फैसला सुनाया था। वे उनके खिलाफ महाभियोग भी ला रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने कल इसे बरकरार रखा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को महासचिव उत्पल कुमार सिंह को निर्देश दिया कि उन्हें पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस की जांच करें। सूत्रों के अनुसार, बिरला ने महासचिव को निर्देश दिया है कि वह इस नोटिस की जांच कर उचित कार्रवाई करें। विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस मंगलवार को लोकसभा महासचिव को सौंपा और बिरला पर पक्षपातपूर्ण तरीके से सदन संचालित




करने, कांग्रेस सदस्यों पर झूठे इल्जाम लगाने तथा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा आज सदन के महासचिव को उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की सूचना की जांच करने और उचित कार्रवाई करने का निर्देश देने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि आज दोपहर 1:14 बजे, हमने नियम 94C के तहत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की सूचना पर कुल 118 सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने बताया कि विपक्षी सांसदों ने 'स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण आचरण का आरोप लगाया और कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने नहीं दिया गया। सूत्रों ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव की सूचना में अध्यक्ष के खिलाफ चार घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जिनमें विपक्ष का यह आरोप भी शामिल है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सदन में बोलने नहीं दिया गया।

## बजट में किसान दूरबीन से ढूंढ रहा राहत, अखिलेश यादव बोले- अमेरिका से डील नहीं, ढील हुई

संवाददाता।

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्रीय बजट को दिशाहीन बताते हुए भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया और अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते को "डील" की बजाय श्ढीलश करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी आयात पर निर्भरता बढ़ाकर और अमेरिकी उत्पादों पर शून्य शुल्क लगाकर सरकार भारतीय किसानों को बर्बाद कर रही है।समाजवादी पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए उस पर विदेशी आयात पर निर्भरता बढ़ाकर भारतीय कृषि को संकट में धकेलने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कृषि से संबंधित हर चीज विदेश से आयात की जाएगी, तो देश के किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि किसान क्या उगाएंगे, क्या बेचेंगे और अपनी मेहनत की कमाई से अपने परिवार का भरण–पोषण कैसे करेंगे।यादव ने लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि बजट आने से पहले और बाद में भी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर बात हो रही थी। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा की सरकार से जानना चाहता हूं कि कितने देश बचे हैं जिनसे मुक्त व्यापार समझौता नहीं कर पाए हैं। सपा नेता ने दावा किया कि अमेरिका के साथ डील नहीं, ढील हुई है। अगर यही डील होनी थी तो 11 महीने इंतजार क्यों करवाया गया। उन्होंने भारतीय उत्पादों पर अमेरिका के 18 प्रतिशत शुल्क और अमेरिकी उत्पादों पर भारत में शून्य शुल्क का हवाला देते हुए कटाक्ष किया कि हमारे देश की जनता जानना चाहती



है कि शून्य बड़ा है या 18? क्या भाजपा का गणित यह है कि शून्य और 18 बराबर हैं? उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान क्या उगाएंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट दिशाहीन है और इसे लेकर कोई दृष्टिकोण नहीं है कि 2047 तक भारत कैसे विकसित बनेगा। अयादव का कहना था कि इस बजट में 'पीडीए' (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि किसान और मजदूर बजट में अपने लिए मिली राहत को दूरबीन से देख रहे हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि "प्रधान संसदीय क्षेत्र" वाराणसी में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति को बुलडोजर से तोड़ दिया गया।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर के कार्यालयों का किया निरीक्षण

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने मंगलवार को शासन के निर्देश के क्रम कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न कार्यालयों एवं पटलों यथा– अपर जिलाधिकारी नगर, प्रशासन, वित्त एवं राजस्व, नजारत, निबंधन, आपदा प्रबन्धन आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर में स्थित आवासीयध्अनवासीय भवनों में साफ सफाई की स्थिति, जन सामान्य के लिए बैठने, पेयजल, शौचालय, वाहन पार्किंग, भवन मरम्मत, साफ–सफाई आदि की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में निर्देश दिया कि अभिलेखों को क्रमानुसार रखा जाए और फाइलों को सुरक्षित रखा जाए। इसके साथ ही फर्नीचर यदि खराब पाये गये हैं उन्हें दुरुस्त कराने अथवा नए फर्नीचर की व्यवस्था कराएं जाने के निर्देश दिए।

## राास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

### डॉ. हिमांशु ऐरन बोले-आपदा से पहले सजगता ही सबसे बड़ा बचाव, छात्र बनें समाज की पहली सुरक्षा पंक्ति

विजडम इंडिया।
देहरादून संवाददाता






राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देहरादून जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का संयोजन एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रदीप महारा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण सत्र जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की टीम ने आयोजित किया, जिसका नेतृत्व मास्टर ट्रेनर राजू शाही ने किया।




कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ हिमांशु ऐरन ने किया। इस अवसर पर अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. ऐरन ने कहा कि "आपदाएँ चेतावनी देकर नहीं आतीं, लेकिन यदि समाज विशेषकर युवा वर्ग प्रशिक्षित और सजग हो, तो जन–धन की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। विश्वविद्यालय का दायित्व केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि ऐसे सक्षम नागरिक तैयार करना है जो आपात परिस्थितियों में नेतृत्व कर सकें।" उन्होंने छात्रों से सामुदायिक स्तर पर आपदा प्रबंधन के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन मिधत असलम ने किया। इस अवसर पर डॉ इमरान खघन , डॉ रमन कीमोठी , मनाली रावत , डॉ दीपक एवं डॉ आलोक भी उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों को ऐसे क्षमता–वर्धक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 300 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। उन्हें आपातकालीन प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी तथा आपदा से पूर्व और पश्चात की तैयारियों से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवा स्वयंसेवकों को आपदा–तैयारी के प्रति जागरूक करना तथा आपात स्थितियों में जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी भूमिका को सशक्त बनाना रहा।

## एआई और डीपफेक पर सरकार का बड़ा एक्शन, सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के लिए आए ये नये रूल

एजेंसी।

दिल्ली। भारत सरकार ने एआई–जनित और डीपफेक कंटेंट को नियंत्रित करने के लिए नए आईटी नियम लागू किए हैं, जिसके तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अब आपत्तिजनक सामग्री 3 घंटे में हटानी होगी और एआई द्वारा निर्मित कंटेंट पर स्थायी लेबल लगाना अनिवार्य होगा। भारत सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से निर्मित और डीपफेक सामग्री पर अपना नियंत्रण कड़ा कर रही है। सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए आपत्तिजनक सामग्री को तीन घंटे के भीतर हटाना अनिवार्य कर दिया है और एआई द्वारा निर्मित सामग्री पर लेबल लगाना भी अनिवार्य कर दिया है। संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियमों के तहत, प्लेटफॉर्म्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि एआई उपकरणों का उपयोग करके बनाई गई किसी भी सामग्री पर स्पष्ट और प्रमुख रूप से लेबल लगा हो। साथ ही, उपयोगकर्ताओं को यह बताना होगा कि उनके द्वारा



अपलोड की गई सामग्री एआई का उपयोग करके बनाई या संशोधित की गई है या नहीं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (डमपजल) ने सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के लिए ये नए मसौदा संशोधन तैयार किए हैं। ये नियम केवल लेबल को ही लक्षित नहीं करते, बल्कि प्लेटफार्मों को स्वचालित उपकरणों का उपयोग करने के लिए और भी प्रेरित करते हैं जो अवैध, यौन शोषणकारी या भ्रामक एआई सामग्री को वायरल होने या जनता तक फैलने से पहले ही पकड़ कर रोक सकें। यह उस दुनिया में एक बड़ा बदलाव है जो कंटेंट और उसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब और एक्स (जो पहले ट्विटर हुआ करता था) जैसे विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म पर शेयर करने पर आधारित है। एआई के बारे में पारदर्शिता बरतने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने से पहले, अब सुरक्षा के लिए कानून का दबदबा बढ़ रहा हैय अब स्वैच्छिक खुलासा नहीं, बल्कि अनिवार्य पारदर्शिता ही एकमात्र विकल्प है।– एआई द्वारा निर्मित किसी भी सामग्री पर स्पष्ट लेबल होना अनिवार्य है या उसमें कृत्रिमता दर्शाने वाला मेटाडेटा होना चाहिए।– सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इन टैग्स को छिपाने या हटाने की अनुमति नहीं दे सकतेकृआईडी स्थायी होनी चाहिए।– दृश्य सामग्री के लिए, लेबल छवि के कम से कम 10 प्रतिशत भाग को कवर करना चाहिए, और ऑडियो या वीडियो के लिए, यह क्लिप के पहले 10 प्रतिशत भाग के दौरान दिखाई देना चाहिए।– इस तरह, लोगों को यह अनुमान लगाने की आवश्यकता नहीं होगी कि कोई सामग्री वास्तविक है या नहीं।– आपत्तिजनक पोस्ट को चिह्नित किए जाने पर 3 घंटे के भीतर हटा दिया जाना चाहिए।आगे की सुरक्षा संबंधी जानकारी– सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अब उपयोगकर्ताओं से यह पूछना होगा कि वे जो सामग्री अपलोड कर रहे हैं वह वास्तविक है या कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा निर्मित। इसके बाद ही वे अपने सत्यापन उपकरणों के माध्यम से इन दावों की जांच करेंगे।

# लोकसभा में बजट पर अखिलेश यादव का तीखा हमला, बोले सरकार का बजट दिशाहीन और जनता विरोधी

नई दिल्ली ( आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लोकसभा में बजट चर्चा में भाग लेते हुए सरकार के बजट को दिशाहीन बताया। उन्होंने कहा कि बजट में 2047 तक देश को विकसित बनाने का कोई स्पष्ट विजन नहीं है और इससे किसी भी वर्ग को कोई उम्मीद नहीं मिली है। बजट में पीडीए यानी पिछड़े, दलित, महिला और अल्पसंख्यकों के लिए कुछ भी नहीं है, जिससे साफ लगता है कि सरकार ने इन वर्गों के बारे में सोचना ही छोड़ दिया है। आम जनता, गरीबों और किसानों का न तो बजट में जिक्र है और न ही फिक्र।अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है, लेकिन टैक्स में कोई राहत नहीं दी गई है, जिससे मध्यम वर्ग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का बजट सिर्फ 5 फीसदी लोगों के लिए है। जीडीपी ग्रोथ केवल 7 फीसदी और नॉमिनल ग्रोथ 8 फीसदी रहने के कारण लोगों के हाथ में पैसा नहीं है, क्योंकि निजी निवेश नहीं आ रहा। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया में 144वें स्थान पर है और सरकार 11 साल से बजट पेश कर रही है, लेकिन पर कैपिटा इनकम नहीं बढ़ पाई। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन्हें राशन मिल रहा है, उनकी पर कैपिटा इनकम सरकार क्यों नहीं बताती।उन्होंने कहा कि बजट में पिछड़ेपन को दूर करने का कोई विजन नहीं दिखता। हर बार बजट आने पर उत्तर प्रदेश के लिए कुछ खास तलाशा जाता है, लेकिन इस बार भी यूपी को कुछ नहीं मिला। प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश से आते हैं, लेकिन आज तक केंद्र सरकार से एक भी एक्सप्रेस–वे नहीं मिला। यूपी में जो एक्सप्रेस–वे बन रहे हैं, वे विकसित भारत की गुणवत्ता के नहीं हैं और भाजपा सरकार में सड़कों व एक्सप्रेस–वे निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है।अखिलेश यादव ने कहा कि बजट से पहले अमेरिका से व्यापारिक डील की चर्चा थी, लेकिन ट्रेड डील ढील साबित हुई। भाजपा दावा करती है कि कई देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हुए हैं, लेकिन यह नहीं बताया जा रहा कि कितने देशों से अभी समझौते बाकी हैं। उन्होंने सवाल किया कि अगर इतनी डील हो चुकी हैं तो रुपया लगातार कमजोर क्यों हो रहा है और अगर अमेरिका के साथ यही डील होनी थी तो 11 महीने का इंतजार क्यों कराया गया। उन्होंने कहा कि कारोबारियों और व्यापारियों को बेवजह परेशान किया गया।उन्होंने कहा कि अमेरिका से हुई डील में स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और मेक इन इंडिया का क्या हुआ। पहला सवाल यही है कि डील पहले हुई या बजट पहले बना। बजट का हलवा यहां बंटा या अमेरिका में। सरकार ने अपना बाजार विदेशियों को सौंप दिया है। अमेरिका को एकतरफा 500 मिलियन डॉलर का फायदा दे दिया गया है। अमेरिका भारत के सामानों पर 18 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा, जबकि अमेरिका से आने वाले सामानों पर शून्य प्रतिशत टैरिफ होगा। उन्होंने कहा कि सरकार के पास किसानों और दुकानदारों को बचाने के लिए खोखले शब्दों के अलावा कुछ नहीं है।अखिलेश यादव ने कहा कि किसान की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था, लेकिन आज किसान की स्थिति बदतर है। इस डील के बाद किसान क्या उगाएगा और कैसे बेचेगा। तीन काले कानूनों के खिलाफ संघर्ष में कई किसानों की जान गई, तब सरकार पीछे हटी, लेकिन आज तक एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं दी गई। उन्होंने पूछा कि किसानों को फसलों और दूध की एमएसपी की गारंटी कब मिलेगी।उन्होंने कहा कि धान, गन्ना, गेहूं और आलू किसी भी फसल का किसान को सही मूल्य नहीं मिल रहा है, जबकि सोने की कीमत आसमान छू रही है। भाजपा सरकार किसानों को नहीं, बल्कि कुछ अदृश्य लोगों को लाभ पहुंचाना चाहती है। समाजवादी सरकार में सिंचाई मुफ्त थी, लेकिन आज खाद, बीज और कीटनाशक महंगे हो गए हैं। मंडियां बदहाल हैं और फसलों की खरीद नहीं हो रही। बजट में अमीरों के घूमने–फिरने की छूट है, लेकिन बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ नहीं है। महंगाई से जूझ रही जनता की थाली खाली है।अखिलेश यादव ने स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं ठप होती जा रही हैं। यूपी का पहला संयुक्त मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में समाजवादी सरकार के दौरान बना था, लेकिन भाजपा सरकार केवल प्रचार कर रही है। अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि दिल्ली एम्स के लिए 5600 करोड़ और पूरे देश के आयुष्मान भारत के लिए सिर्फ 4700 करोड़ का बजट भेदभाव को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि वाराणसी में राजमाता अहिल्या बाई होल्कर की मूर्ति और मणिकर्णिका घाट को बुलडोजर से तोड़ा गया। 100 मंदिर तोड़ दिए गए और नेपाल नरेश का दिया घंटा भी गायब है। मां गंगा की सफाई आज तक नहीं हुई और यमुना की हालत भी खराब है। नदियों में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि खराब हो रही है और निवेश पर असर पड़ रहा है।अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में आरक्षण के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नियुक्तियों में भेदभाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों को बराबरी का अवसर और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा रहेगा।

# वालीबाल के नेशनल प्लेयर की हास्टल में मिली लाश

## स्पोर्ट्स एकेडमी में ले रहा था ट्रेनिंग

प्रयागराज। कर्नलगंज थाना क्षेत्र में वॉलीबॉल के नेशनल लेवल के प्लेयर का शव हॉस्टल में मिला। वह अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (म्योहाल) में ट्रेनिंग ले रहा था। मंगलवार सुबह 6 बजे जूनियर खिलाड़ी उसे बुलाने पहुंचे तो कमरे का दरवाजा नहीं खुला। भीतर झांक कर देखा तो प्रत्युष बेहोशी की हालत में पड़ा था। सूचना पर कोच वीर सिंह और साथी प्रत्युष को लेकर बेली अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्युष के फूफा डॉक्टर संतोष ने बताया–सूचना मिली थी कि हॉस्टल का दरवाजा अंदर से नहीं बंद था। वहीं, कोच ने भी कहा कि हॉस्टल में बच्चे दरवाजा बंद नहीं रखते।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रत्युष राय मूल रूप से गाजीपुर जिले के सौरी गांव का रहने वाला था। वह करीब 4 साल से म्योहाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में रहकर वॉलीबॉल की ट्रेनिंग ले रहा था। वह दो बार यूपी की टीम से नेशनल खेल चुका है। हॉस्टल में उसके साथ कमरे में रहने वाला रूम पार्टनर ऋषभ है, जो पिछले कुछ दिनों से अपने गांव गया हुआ था। प्रत्युष के पिता अवनी कुमार राय किसान, जबकि मां रीना राय गृहिणी हैं। सुबह करीब साढ़े 6 बजे परिवार वालों को बेटे की मौत की सूचना मिली। जिसके बाद सभी प्रयागराज के लिए रवाना हो गए। वाराणसी से प्रत्युष के फूफा डॉ. संतोष भी सीधे पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। बेटे का शव देखकर मां बेसुध हो गईं। सभी का रो–रोकर बुरा हाल है।परिजनों के अनुसार जब हम हॉस्टल पहुंचे तो वहां किसी ने बताया प्रत्युष का शव जमीन पर पड़ा था। किसी ने बेड पर डेडबॉडी मिलने की बात कही। जबकि कोई कह रहा था कि प्रत्युष की डेडबॉडी दरवाजे के पास थी। अभी हम लोग कुछ नहीं कहना चाहते हैं। हम पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रहे।ज्ञात हो कि प्रत्युष का जूनियर एशिया कप के लिए चयन हो चुका था। जून जुलाई में यह प्रतियोगिता होनी थी। वह राजस्थान में जूनियर नेशनल खेल कर आया था। दिसंबर में गोरखपुर में राज्य स्तरीय महंत अवेद्यनाथ प्राइज मनी प्रतियोगिता में प्रत्युष की टीम विनर रही थी। वह टीम का बेस्ट प्लेयर भी चुना गया था। कर्नलगंज थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले को हर एंगल से जांचा जा रहा है।

# रिटायर दरोगा की पुत्रवधू फांसी के फंदे पर लटकी मिली

प्रयागराज। शिवकुटी थाना क्षेत्र में एक रिटायर दरोगा की बहू सोमवार को फंदे पर लटकी मिली। स्कूल से आकर छह साल की बेटी पुकारती रही लेकिन दरवाजा नहीं खुला। परिवारवालों ने दरवाजे के सुराख से भीतर झांका तो बहू को फंदे पर लटका देख स्तब्ध रह गए। उसने ऐसा क्यों किया, फिलहाल यह सामने नहीं आ सका है। मायकेवाले रायपुर से आने के लिए चल दिए हैं। पोस्टमार्टम मंगलवार को कराया जाएगा।प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 साल की विभा पांडेय मूल रूप से मेजा की रहने वाली थी। उसकी शादी नौ साल पहले शिवकुटी के भुलई का पुरा में रहने वाले रोहित पांडेय से हुई थी। रोहित के पिता सुरेश पांडेय पुलिस विभाग में दरोगा के पद से रिटायर हैं। घर में रोहित का छोटा भाई, उसकी पत्नी, मां भी हैं। पुलिस के मुताबिक, रोहित ने बताया कि उन्हें किडनी की बीमारी है और वह मंगलवार को सुबह ही दवा लेने चले गए।मां व भाई की पत्नी अपने काम में व्यस्त थीं। दोपहर में एक बजे के करीब पिता बेटी को स्कूल से लेकर घर आए और उसे छोडकर चले गए। बेटी कमरे में जाने लगी तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। वह मां–मां कहकर पुकारती रही लेकिन दरवाजा नहीं खुला।उसकी आवाज सुनकर उनकी मां व भाई की पत्नी भी आ गईं। उन्होंने भी कई बार आवाज दी लेकिन दरवाजा नहीं खुला। जानकारी पर वह भी आ गए। दरवाजे के सुराख से भीतर झांका गया तो विभा फंदे पर लटकी दिखाई दी। किसी तरह दरवाजा खोला गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और फिर शव को मर्चरी भेजा गया।

पुलिस के अनुसार परिवारवालों से पूछताछ की गई लेकिन वह कोई वजह नहीं बता सके। पति ने बताया कि सुबह वह दवा लेने जा रहा था तब भी सबकुछ सामान्य था। पत्नी ने किसी तरह की परेशानी की बात नहीं बताई। उसके पास मोबाइल नहीं था।शिवकुटी पुलिस के अनुसार मायकेवालों को सूचना दे दी गई है। फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने भी किसी तरह की बात नहीं बताई है। उनका कहना है कि सब कुछ ठीक चल रहा था। मंगलवार को मायकेवालों के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# फार्म-7 के दुरुपयोग का आरोप, समाजवादी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ ( आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश की सभी विधानसभाओं में पोलिंग बूथों पर भाजपा द्वारा बड़ी संख्या में जमा कराए गए फार्म–7 को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मिथ्या तथ्यों के आधार पर फार्म–7 पर आवेदक के रूप में हस्ताक्षर करने वाले और फार्म जमा कराने वालों को चिन्हित कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाए, ताकि एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सके।ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि जनपद फतेहपुर की अयाहशाह विधानसभा में पोलिंग बूथ संख्या 57 पर कई जीवित और अपने दर्ज पते पर स्थायी रूप से निवास कर रहे मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए फार्म–7 भरे गए हैं। बताया गया कि जयकरन और सदलू द्वारा कुल 14 फार्म–7 भरकर समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास किया गया है।सहारनपुर नगर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 55 हजार से अधिक फार्म–7 बीएलओ के पास जमा कराए जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि इन फार्मों में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय और पीडीए वर्ग के नाम व ईपिक नंबर प्रिंट हैं और वैध मतदाताओं के नाम काटने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाया जा रहा है।बलिया जनपद की बांसडीह और रसड़ा विधानसभाओं सहित सोनभद्र, आगरा, सम्भल, मिर्जापुर, बुलंदशहर, कासगंज, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद और बाँदा जनपदों की विधानसभाओं में भी इसी तरह बड़ी संख्या में फार्म–7 जमा कर समाजवादी पार्टी समर्थक, मुस्लिम और पीडीए वर्ग के मतदाताओं के नाम कटवाने की साजिश का आरोप लगाया गया है। कई स्थानों पर एक ही आवेदक द्वारा सैकड़ों फार्म–7 पर हस्ताक्षर किए जाने की बात भी ज्ञापन में कही गई है।कासगंज जनपद में लॉजिकल एरर के नाम पर समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं को परेशान करने, जबकि उनके नाम ड्राफ्ट और 2003 की मतदाता सूची में सही दर्ज होने का आरोप लगाया गया है। लखीमपुर खीरी में निर्वाचन पोर्टल शुरू न होने से फार्म–6 और फार्म–7 की ट्रैकिंग न हो पाने पर भी गंभीर आपत्ति दर्ज कराई गई है।ज्ञापन में कहा गया है कि इन सभी मामलों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिलाधिकारी, ईआरओ और बीएलओ पर दबाव बनाकर वैध मतदाताओं के नाम अवैध रूप से मतदाता सूची से कटवाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एएसपी अनुज चौधरी को हाईकोर्ट से मिली राहत

प्रयागराज। संभल हिंसा मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर पुलिस अधीक्षक अनुज चौधरी को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने संभल की सीजेएम कोर्ट के पुलिस कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है।सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार और एएसपी अनुज चौधरी की ओर से दाखिल याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। याचिकाओं में निचली अदालत के आदेश को विभिन्न आधारों पर चुनौती दी गई है। मामले में हाईकोर्ट मंगलवार को भी सुनवाई हुई। इस दौरान सभी पक्ष अपनी–अपनी दलीलें पेश की। फिलहाल हाईकोर्ट ने एएसपी अनुज चौधरी को अंतरिम राहत दे दी है। अब 5 हफ्ते बाद अगली सुनवाई होगी। संभल हिंसा से जुड़े चर्चित मामले में 9 फरवरी को दो घंटे तक सुनवाई चली थी। इस दौरान यूपी सरकार की तरफ से मामले में अपना पक्ष रखा गया। दोनों पक्षों के बीच दलीलें पेश की गईं थी। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के मोहल्ला खग्गू सराय अंजुमन निवासी यामीन ने सीजेएम कोर्ट में 6 फरवरी, 2025 को याचिका दायर की थी। यामीन ने बताया–उनका बेटा आलम 24 नवंबर, 2024 को रस्क (टोस्ट) बेचने घर से निकला था। शाही जामा मस्जिद क्षेत्र में पहुंचने पर पुलिस ने उसे गोली मार दी थी।

# अखिलेश यादव बोले- भाजपा भेदभाव की राजनीति करती है, किसानों और खेती पर मंडरा रहा खतरा

लखनऊ ( आरएनएस )। नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा भेदभाव की राजनीति करती है और न्याय दिलाने में भी भेदभाव बरतती है। संसद परिसर में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से किसानों और खेती को गंभीर खतरा पैदा हो गया है।अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो देश के किसान की उपज का क्या होगा। क्या किसान अपनी फसल की सही कीमत पा सकेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ की गई डील से खेती और किसानी को नुकसान पहुंचेगा। भाजपा हमेशा किसानों के खिलाफ रही है। पहले तीन काले कानून लाकर किसानों को परेशान किया गया और अब देश का पूरा बाजार विदेशियों के हाथों में सौंप दिया गया है।उन्होंने कहा कि जब सब कुछ विदेश से आएगा तो किसान क्या उगाएगा, क्या बेच पाएगा और क्या कमाएगा। किसान अपना घर कैसे बनाएगा और चलाएगा, बच्चों को कैसे पढ़ाएगा, घर के बुजुर्गों का इलाज कैसे करवाएगा, बेटियों को हंसी–खुशी कैसे विदा करेगा और अपने भविष्य के लिए दो पैसे कैसे बचा पाएगा। आज क्या खाएगा और कल के लिए क्या बचा पाएगा, यह सबसे बड़ा सवाल है।अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों को नुकसान पहुंचाकर देश में कोई भी सरकार नहीं चल सकती। किसान और किसानी विरोधी भाजपा सरकार यह स्पष्ट करे कि विदेशियों के सामने अपने हितों का समर्पण करने की मजबूरी क्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि कभी भूमि अधिग्रहण के जरिए खेती–किसानी को हड़पने का षड्यंत्र किया जाता है और कभी काले कानूनों के जरिए किसानों को मौत के मुंह में ढकेल दिया जाता है।उन्होंने कहा कि भाजपाई सोच बिचौलियों वाली है, जो पैदावार और उत्पादन की बजाय बीच में कमीशनखोरी से अपना पेट भरना जानती है। खेती–किसानी के बीच ही नहीं बल्कि किसानों के बीच बैठे भाजपाई बिचौलियों का भी भंडाफोड़ होना चाहिए।

# बजट सत्र में विधान परिषद में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी आरक्षण नीति की विस्तृत जानकारी

लखनऊ ( आरएनएस )विधान परिषद में 2026–27 के बजट सत्र के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश में सरकारी सेवाओं में लागू आरक्षण नीति पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार आरक्षण प्रावधानों को पूरी तरह सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प को दोहराती है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी।उप मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 2 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 40 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है और आरक्षित वर्ग का कोई भी अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी की भर्ती प्रक्रिया में भाग ले सकता है।केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सभी सरकारी भर्तियों में आरक्षण नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्मिक विभाग द्वारा 30 दिसंबर 2025 को शासनादेश जारी किया गया है। उन्होंने 7,994 लेखपाल पदों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि इनमें 3,205 पद अनारक्षित, 1,679 अनुसूचित जाति, 160 अनुसूचित जनजाति, 2,158 अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 792 पद आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लिए निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञापन में हुई त्रुटि को सुधार लिया गया है।उप मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि आरक्षण व्यवस्था हर हाल में पूरी पारदर्शिता के साथ लागू की जाएगी। सरकार भर्ती माफिया पर नकेल कसने, पारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं को मजबूत करने और आरक्षण व्यवस्था को प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सांसद संजय सिंह ने पीड़ित मां को दिलाया न्याय का भरोसा

दिल्ली ( आरएनएस )में खुले गड्ढे में गिरकर बाइक सवार नवयुवक कमल ध्यानी की मौत के मामले में फिरोजाबाद निवासी 23 वर्षीय मजदूर योगेश यादव की गिरफ्तारी को लेकर आम आदमी पार्टी ने गंभीर चिंता जताई है। पार्टी का कहना है कि यदि निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी हुई है तो वास्तविक जिम्मेदारों पर कार्रवाई होनी चाहिए, न कि एक गरीब मजदूर को दोषी बनाकर मामले को दबाने का प्रयास किया जाए।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह के निर्देश पर तथा बृज प्रांत अध्यक्ष डॉ. हृदेश चौधरी के संरक्षण में गठित प्रतिनिधिमंडल ने आज फिरोजाबाद पहुंचकर योगेश यादव के परिजनों से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रदेश प्रवक्ता प्रशान्त कुमार यादव ने किया। इस दौरान जिला व महानगर स्तर के पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय बताई गई। वर्तमान में घर पर केवल योगेश यादव की बीमार माता मौजूद हैं, जिनकी पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन होना है। जानकारी के अनुसार योगेश यादव दिल्ली में मजदूरी कर अपनी मां के इलाज के लिए पैसे कमा रहा था और ऑपरेशन के लिए घर लौटा ही था कि दिल्ली पुलिस उसे पूछताछ के नाम पर अपने साथ ले गई। इस घटना से परिवार मानसिक आघात और असहाय स्थिति में है।राज्यसभा सांसद श्री संजय सिंह ने वीडियो कॉल के माध्यम से योगेश यादव की माता से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि उनके बेटे को कुछ नहीं होने दिया जाएगा तथा वह शीघ्र ही घर लौटेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं और संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं। मानवीय आधार पर सांसद द्वारा योगेश यादव की माता के इलाज के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई, ताकि ऑपरेशन और उपचार में कोई बाधा न आए।आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए, निर्माण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा बिना ठोस साक्ष्य के किसी निर्दोष मजदूर को गिरफ्तार कर न्याय प्रक्रिया को प्रभावित न किया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि योगेश यादव को शीघ्र रिहा नहीं किया गया और वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन और जनआंदोलन किया जाएगा। न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# कृतिका अपार्टमेंट के पास पेड़ से लटका मिला व्यक्तिका शव

लखनऊ ( आरएनएस )दिनांक 10.02.2026 को समय करीब 07.00 बजे थाना स्थानीय को सूचना प्राप्त हुई कि कृतिका अपार्टमेंट के पास एक व्यक्ति ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच की गई।मौके पर ज्ञात हुआ कि प्रकाश चौबे (उम्र लगभग 45 वर्ष), पुत्र संतप्रकाश, निवासी ग्राम गाजही, थाना अहरौला, जनपद आजमगढ़ ने कृतिका अपार्टमेंट के पास पेड़ में मफलर का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

# प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में मिली दोहरी उपलब्धि की ट्राफी महापौर को सौंपी गई

लखनऊ ( आरएनएस )। नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में जन भवन, लखनऊ में संपन्न प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में प्राप्त सम्मान की ट्रॉफी महापौर सुषमा खर्कवाल को सौंपी गई। नगर निगम लखनऊ को इस प्रदर्शनी में रूफ टॉप गार्डेनिंग मॉडल के लिए द्वितीय पुरस्कार तथा 1000 से 2000 वर्गमीटर श्रेणी के पार्क के लिए प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राव सहित उद्यान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनी में नगर निगम को मिली इस दोहरी उपलब्धि की जानकारी देते हुए सम्मान की ट्रॉफी महापौर को ससम्मान भेंट की।गौरतलब है कि 06, 07 एवं 08 फरवरी 2026 को जन भवन, लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में नगर निगम लखनऊ द्वारा विकसित रूफ टॉप गार्डेनिंग मॉडल को निर्णायकों ने द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया था। यह पुरस्कार राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रदान किया गया था।रूफ टॉप गार्डेनिंग मॉडल का निर्माण महापौर के निर्देशन एवं नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में किया गया है। इस मॉडल का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में सीमित स्थान का प्रभावी उपयोग कर हरित वातावरण को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को सुदृढ़ करना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करना है।

# विधानमंडल के बजट सत्र में दिवंगत विधायकों को मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ, ( आरएनएस ) । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन सदन में दिवंगत विधायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का निधन 2 जनवरी 2026 को 60 वर्ष की आयु में हुआ। वे दूसरी बार विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए थे और फरीदपुर (बरेली) से भारतीय जनता पार्टी के विधायक थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल मिलनसार और जमीन से जुड़े जनप्रतिनिधि थे तथा शिक्षा जगत से उनका गहरा जुड़ाव रहा। वे इतिहास संकलन समिति, बरेली के अध्यक्ष और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कार्यसमिति के सदस्य भी रहे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में बुनियादी विकास कार्यों को गति दी और पिछड़े, वंचित व गरीब वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया। शिक्षा जगत से जुड़े विद्वान जब जनप्रतिनिधि बनते हैं तो लोकतांत्रिक परंपराएं और अधिक सशक्त होती हैं। उनके निधन से प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है।मुख्यमंत्री ने वर्तमान विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य विजय सिंह गौड़ के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि समाजवादी पार्टी से विधायक विजय सिंह गौड़ का निधन 8 जनवरी 2026 को 71 वर्ष की आयु में हुआ। वे आठवीं बार विधानसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 1980 से शुरू हुआ उनका राजनीतिक सफर लंबा और संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने 1980, 1985, 1989, 1991, 1993, 1996 और 2002 में विधानसभा चुनाव जीते, जबकि वर्ष 2024 के उपचुनाव में दुद्धी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। वे जनजातीय समाज की सशक्त आवाज के रूप में जाने जाते थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि विजय सिंह गौड़ ने जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के साथ–साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों को सदैव प्राथमिकता दी। उनके निधन से न केवल जनजातीय समाज, बल्कि पूरे प्रदेश ने एक संघर्षशील समाजसेवी और अनुभवी राजनेता को खो दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों दिवंगत सदस्यों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

# किसानों का सर्वोहित ही हमारी प्राथमिकता - चौधरी भूपेंद्र

## कोथरा खुर्द गांव में भाजपा का बजट व किसान संवाद का आयोजन

चांदा/सुलतानपुर। चांदा क्षेत्र के कोथरा खुर्द गांव में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल के संयोजन में शिव मंदिर कोथरा खुर्द में केंद्रीय बजट व विकसित भारत जी राम जी किसान संवाद का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भाजपा चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता किसानों का सर्वोहित ही है। सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया उसमें किसानो के हित की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। किसानों के उपज का उचित बाजार मूल्य भी सरकार द्वारा दिए जा रहा है। वही केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार मिलकर गांव में सतत विकास के लिए विकसित भारत जी राम जी योजना को लाया है। जिसमें पहले से संचालित मनरेगा योजना में तमाम जो खामियां थी उसे दूर कर नए स्वरुप में इस योजना को संचालित करने का फैसला लिया है। जी राम जी योजना से गांव के मजदूरों को 125 दिन की रोजगार की गारंटी है वहीं उनकी मजदूरी अब एक सप्ताह के अंदर ही उनके खातों में होगी। वहीं सरकार द्वारा ग्राम सभा के विकास के लिए इस योजना के तहत पक्की सड़क बारात घर पक्का नाला निर्माण शवदाह गृह सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। जिससे किसने और मजदूर के लाभ के साथ गांव का समुचित विकास भी होगा। पूर्व की सपा सरकार में अपराधियों का बोलबाला था आज वर्तमान सरकार में अपराधी या तो प्रदेश छोड़कर फरार है या तो जेल के अंदर है। हमारी सरकार आज जनता के हितों की सरकार बनी हुई है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसान हितों की सरकार है। सरकार द्वारा किसानों के लिए बहुत ही महत्वाकांक्षी योजनाएं चल रही है। जिससे किसान लाभान्वित भी हो रहे हैं। सरकार सबका साथ सबका विकास के तहत धरातल पर कार्य कर रही है। जिससे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा



भाजपा काशी प्रांत काशी प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। वहीं कार्यक्रम के संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल द्वारा अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री सुल्तानपुर भाजपा की प्रभारी मीना चौबे भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ आर के वर्मा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रतापगढ़ डॉ. ओमप्रकाश त्रिपाठी जिला महामंत्री घनश्याम चौहान व ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर कमैचा सुषमा जायसवाल ने भी अपना उदबोधन दिया। आयोजन में भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी मंडल अध्यक्ष अमित त्यागी प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अमरदेव सिंह प्रधान गनपत वर्मा प्रधान प्रतिनिधि अन्नु सिंह सदरपुर प्रधान केश कुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि बृजेश मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि नंदलाल गौतम पूर्व प्रधान देवी प्रसाद वर्मा प्रधान प्रतिनिधि अजय दूबे भाजपा नेता रामलवट दूबे बल्ला सिंह लाल सिंह सुमित सिंह पूर्व प्रधान प्रताप नारायण ओझा अजय गिरी सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी व किसान मोर्चा के पदाधिकारी सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## कार्यवाही में 70 लीटर अवैध षराब व 950 किलो लहन की गई नाट, दो गिरतार

सुल्तानपुर। आबकारी आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत सोमवार को जिला प्रशासन ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। डीएम सुल्तानपुर व उप आबकारी आयुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर और क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आबकारी टीम ने व्यापक छापेमारी की।

आबकारी निरीक्षक रण विजय सिंह (क्षेत्र–1) ने टीम के साथ 10 फरवरी 2026 को ग्राम चुनहा और ग्राम तिवारी का पुरवा में



दबिश दी। कार्रवाई के दौरान 70 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। साथ ही करीब 950 किलो लहन (शराब बनाने का कच्चा माल) मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस संबंध में चार अभियोग पंजी.त किए गए तथा दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान क्षेत्र में संचालित आबकारी दुकानों का भी निरीक्षण किया गया। दुकानों पर उपलब्ध स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया और गुप्त रूप से टेस्ट परचेस कर बिक्री की जांच की गई। इसके अलावा आरओ प्लांट, कबाड़ियों की दुकानों और ईंट–भट्ठों पर भी गहन चेकिंग की गई।

टीम ने ग्रामीणों को अवैध शराब के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए इससे दूर रहने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गो तस्कर से मुठभेड़ , एक लगी गोली दूसरा फरार

जौनपुर । सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पूर्वांचल विश्वविद्यालय देवकली नहर के पास पुलिस से और को तस्कर की मुठभेड़ हो गई । जिसमें एक अंतर्जनपदीय गो तस्कर के पैर में गोली लगी । पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरा फरार है, पकड़े गए गो तस्कर के कब्जे से एक तमंचा कारतूस व पिकअप बरामद हुआ ।पुलिस के अनुसार सरायख्वाजा पुलिस ने विश्वविद्यालय के पास संदिग्ध वाहनो व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, इसी दौरान सफेद पिकअप सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर उनको रोकने का प्रयास किया । पिकअप पर सवार बदमाशों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने लगे। पुलिस ने मामले की सूचना कंट्रोल रूम को दी, पुलिस से घिर जाने पर पिकअप सवार बदमाश देवकली नहर पुलिया पर अनियंत्रित होकर पिकअप पुलिया से टकरा गया ।आत्मरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया। जिसमें एक गोली बदमाश के पैर में लगी, घायल बदमाश आजमगढ़ थाना अहिरौला , माहुल का निवासी मोहम्मद सलमान पुत्र मेंराज बताया गया। जबकि अंधेरे का फायदा उठाकर फरार अभियुक्त सुल्तानपुर अखंड नगर के रामनगर का निवासी मोनू बलवंत बघेल पुत्र अशोक कुमार बताया गया है। पकड़े गए आरोपों के पास से एक तमंचा , एक कारतूस एक खोखा व एक पिकअप पुलिस ने बरामद कर किया।

## मदरसा बोर्ड परीक्षा में धांधली,केन्द्र पर कार्यवाही

जौनपुर। जिले में चल रही उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड परीक्षा के दौरान गंभीर खामियां सामने आई हैं। घोर लापरवाही पाए जाने पर उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग वाराणसी ने एक सहायक केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया है। 9 फरवरी से उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं प्रारंभ हुई हैं। इसी क्रम में सोमवार को उप निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग वाराणसी विजय प्रताप यादव ने परीक्षा केंद्र मझगवा कला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सहायक केंद्र व्यवस्थापक इद्रीश अहमद खान परीक्षा केंद्र से अनुपस्थित पाए गए ।जांच में यह भी सामने आया कि सहायक केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा के पहले दिन से ही केंद्र पर उपस्थित नहीं हुए हैं। इस गंभीर अनियमितता को परीक्षा की निष्पक्षता और सुचिता के साथ सीधा खिलवाड़ मानते हुए उप निदेशक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक अधिकारी को आदेशित किया कि संबंधित सहायक केंद्र व्यवस्थापक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाए। उप निदेशक नें कहा कि मदरसा बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ईंट और पत्थरों से हमला , कई लोग घायल

जौनपुर । जिले के चंदवक थाना क्षेत्र के बीरीबारी बाजार में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना से बाजार और आसपास के इलाके में अफरा–तफरी मच गई। वंशधारी सेठ और उनके साथियों ने घनश्याम सिंह तथा उनके परिवार पर लाठी–डंडों, ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया। हमले में घनश्याम सिंह पक्ष के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट इतनी भयावह थी कि लोग इधर–उधर भागने लगे और कुछ देर के लिए बाजार बंद जैसा माहौल हो गया ।इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर खुलेआम लाठी–डंडों और पत्थरों से लोगों को पीट रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है ।घटना की सूचना मिलते ही चंदवक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों से जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ी घटना हो सकती है।

# बाबू धनंजय ■सह स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन

सुलतानपुर। सृजनशीलता समय और समाज के साथ चलती है। भारत के अनेक क्षेत्रों की सृजनशीलता में विभिन्नता के बावजूद एकात्मकता के दर्शन होते हैं। यह चुनौतियों से टकराने का समय है इसलिए मनुष्य को जागरूक होना पड़ेगा। जागरूक लोग ही अच्छे सृजनकर्ता हो सकते हैं। यह बातें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी ने कहीं। वह राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय हिन्दी विभाग द्वारा बाबू धनंजय सिंह स्मृति व्याख्यानमाला के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। हमारा समय, समाज और सृजनशीलता विषयक संगोष्ठी में उन्होंने कहा कि साहित्य संस्.ति और कला समाज को दिशा देने का काम करते हैं लेकिन केवल भारत में ही नहीं वैश्विक स्तर पर भी इनकी भूमिका कम हो गई है। हम राजनीति के पिछलग्गू हो गये हैं। हम घर में रहते हुए भी अकेले हो गये हैं। परिवार के लोग अपनों के साथ नहीं मोबाइल के साथ समय बिता रहे हैं। ऐसे में सबको चेताने का काम सृजनकर्ताओं का है। बताया कि आज का समय विमर्शों का समय है। जिनमें अनेक तरह के विमर्शों के साथ अब प्रवासी साहित्य विमर्श भी चर्चा में आ रहा है। संचालन करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने कहा कि सृजनशीलता हमेशा सामाजिक होती है। विचारधारा सृजनशील होने में मदद पहुंचाती है। आज के समय में हमारी विचारधारा हमारी अपनी है या उधार की है इस पर सोचना जरूरी है। स्वागत प्राचार्य प्रोफेसर निशा सिंह व आभार ज्ञापन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इन्द्रमणि कुमार ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ आलोक पाण्डेय , प्रोफेसर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार, प्रोफेसर रंजना पटेल, डॉ.विभा सिंह, डॉ ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ महमूद आलम , डॉ प्रदीप कुमार सिंह, डॉ संतोष अंश , यशमंत सिंह, डॉ भारती सिंह, डॉ शांतिलता , डॉ सीमा सिंह व डॉ हीरालाल यादव समेत शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य व विभागाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ व पुस्तक देकर सम्मानित किया।




# मेडिकल कालेज या मैनपावर माफिया का अड्डा?

## दुबेपुर में बिना संरक्षण इतना बड़ा खेल संभव नही□

सुलतानपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज दुबेपुर में मैनपावर सप्लाई के नाम पर जो कुछ चल रहा है वह अब अनियमितता शब्द से कहीं आगे निकल चुका है। यह पूरा मामला सुनियोजित संरक्षण अंदरूनी सांठगांठ और प्रशासनिक सहमति के बिना संभव ही नहीं दिखता। शासन ने मरीजों की सेवा के लिए कर्मचारियों की तैनाती की। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि वार्डों में मरीज तड़प रहे हैं और कागज़ों में तैनात कर्मचारी दतरों, लाइब्रेरी और आरामदायक जगहों पर दिखाई दे रहे हैं। सवाल यह नहीं कि गड़बड़ी है या नहीं। सवाल यह है कि यह सब किसकी छत्रछाया में चल रहा है? गरुणा सिक्योरिटी एण्ड मैनपावर सप्लाई कंपनी की नियुक्तियों में रिकॉर्ड और वास्तविक ड्यूटी के बीच भारी अंतर की बात सामने आ रही है। यदि कर्मचारी एक पद पर नियुक्त हैं और काम दूसरा कर रहे हैं तो ड्यूटी चार्ट पर हस्ताक्षर किसने किए? भुगतान किसने पास किया? और निरीक्षण किसने किया? यह मान लेना कि कॉलेज के उच्चाधिकारी इससे अनजान हैं तो यह व्यवस्था की समझ का अपमान होगा। बिना प्रशासनिक अनुमति के न तो ड्यूटी बदल सकती है न भुगतान निकल सकता है न फाइल आगे बढ़ सकती है। सूत्रों का दावा है कि कुछ कर्मचारियों की जॉइनिंग केवल कागज़ों में दिखाई गई। जिला अस्पताल से रिलीव हो चुके कर्मचारी मेडिकल कॉलेज में अकाउंट से जुड़े काम संभाल रहे हैं। नियुक्तियों में निजी प्रभाव और रिश्तेदारी का खुला खेल है। यदि यह सच है तो यह केवल कंपनी का खेल नहीं बल्कि पूरे प्रशासनिक तंत्र की मिलीभगत का संकेत है। सबसे बड़ा अपराध यह है कि इस सेटिंग सिस्टम की कीमत मरीज चुका रहे हैं। स्ट्रेचर पर मरीज को ले जाने वाला कर्मचारी नहीं, वार्ड में मदद करने वाला स्टाफ नहीं लेकिन वेतन नियमित निकल रहा है। आखिर किस आधार पर? क्या उच्चाधिकारियों ने कभी अचानक भौतिक सत्यापन किया? क्या भुगतान से पहले वास्तविक ड्यूटी की जांच हुई? क्या कंपनी को नियम तोड़ने की खुली छूट प्रशासन ने दी या फिर पूरा तंत्र सब ठीक है की फाइलों में संतुष्ट बैठा है। यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हुई तो केवल कंपनी नहीं ड्यूटी चार्ट स्वी.त करने वाले, भुगतान पारित करने वाले और निगरानी के जिम्मेदार अधिकारी भी कठघरे में खड़े होंगे। क्षेत्रीय लोगो में रोश व्याप्त है उनका कहना है कि अब मांग नहीं इसे हमारी चेतावनी समझी जाए। सभी नियुक्तियों और भुगतान की विशेष ऑडिट जांच हो। मौके पर टीम भेजकर वास्तविक तैनाती का भौतिक सत्यापन कराया जाए। दोषी पाए जाने पर कंपनी का अनुबंध तत्काल निरस्त हो। संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर विभागीय व दंडात्मक कार्रवाई हो। अन्यथा दुबेपुर मेडिकल कॉलेज इलाज का संस्थान नहीं बल्कि कागज़ी नियुक्तियों और सेटिंगबाज़ी का प्रयोगशाला बन जाएगा और लोगो का विश्वास पूरी तरह खत्म हो जाएगा।

## युवती संग छेड़खानी,दो पर मुकदमा

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के बहरीपुर गांव के पास सोमवार की शाम को बाजार से घर लौट रही एक 18 वर्षीय युवती के साथ दो बदमाश छेड़खानी करने लगे। युवती के शोर मचाने पर दोनों भाग निकले। गांव निवासी उक्त युवती शाम को राजेपुर बाजार गयी थी ।वह बाजार से घर वापस आ रही थी ।रास्ते मे बाइक सवार दो युवक उसके पास आये ।उसके बाद उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगे ।पहले तो युवती घबरा गयी परन्तु हिम्मत जुटाकर शोर मचाने लगी। युवती की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल की तरफ भागे। जब तक लोग पहुंचते तब तक दोनो युवक भाग निकले ।घटना की सूचना पर थानाप्रभारी गजानन्द चौबे मय फोर्स मौके पर मौके पर पहुंच गये ।इस बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि बहरीपुर गांव के निवासी सन्दीप कुमार व सनी सरोज के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया है ।दोनों के गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# कानून का पालन करेंगे तो आगे बढ़ेंगे, अराजकता के लिए नहीं है कोई जगह-सीएम योगी

बाराबंकी। मुख्यमंत्री मा0 श्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दशम श्री हनुमत विराट महायज्ञ एवं श्रीरामार्चा पूजन कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि उत्तर प्रदेश अब अनुशासन, विकास और कानून–व्यवस्था के नए युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि जो लोग अव्यवस्था फैलाने का सपना देखते हैं, उन्हें समझ लेना चाहिए कि राज्य में कानून सर्वोपरि है और उसका पालन करने के लिए सरकार पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने यज्ञ मंडप में आहुति अर्पित की और संत बलराम दास से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में अयोध्या सहित कई जिलों के संत–महंत, जनप्रतिनिधि और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे ।प्रदेश में बदली तस्वीर, शांति और सुरक्षा बनी पहचान मुख्यमंत्री मा0 श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि प्रदेश में अब शांति और सौहार्द का वातावरण है। उन्होंने कहा कि कानून–व्यवस्था को सुदृढ़ बनाकर सरकार ने आमजन को सुरक्षित माहौल दिया है, जिससे विकास की गति तेज हुई है। सनातन संस्कृति पर गर्व, सजग रहने का आह्वान अपने संबोधन में मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और सनातन संस्कृति एक–दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने लोगों से एकजुट रहकर सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करने और समाज को कमजोर करने वाली ताकतों से सतर्क रहने की अपील की ।कल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों को लाभमा0 मुख्यमंत्री ने सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रदेश में एक करोड़ से अधिक परिवारों को पेंशन दी जा रही है, जबकि 15 से 16 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत करोड़ें नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कार्ड दिए गए हैं, जिससे गरीब परिवारों को बेहतर इलाज मिल पा रहा है ।बाराबंकी को विकास प्राधिकरणसीएम मा0 श्री योगी ने बाराबंकी को विकास प्राधिकरण देने की घोषणा करते हुए जिले के समग्र विकास की दिशा में इसे अहम कदम बताया। आयोजन के दौरान 79 जोड़ों का सामूहिक विवाह भी संपन्न होना है। जिन्हें मा0 मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में गोंडा, बलरामपुर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती और बहराइच से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। मा0 मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है ।अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति इस मौके पर जिला प्रभारी मंत्री मा0 श्री सुरेश राही व मा0 श्री अवनीश सिंह पटेल, राज्य मंत्री मा0 श्री सतीशचन्द्र शर्मा, मा0 विधायक श्री साकेंद्र प्रताप वर्मा, मा0 विधायक हैदरगढ़ श्री दिनेश रावत, मा0 जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत, अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग के अध्यक्ष, पूर्व विधायक श्री शरद अवस्थी, अयोध्या



कमिश्नर श्री राकेश कुमार व आईजी अयोध्या श्री सोमेन वर्मा, अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ श्री प्रवीण कुमार, डीएम श्री शशांक त्रिपाठी, एसपी श्री अर्पित विजयवर्गीय, एडीएम श्री निरंकार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री रितेश सिंह, एसडीएम नवाबगंज रामनगर व सिरौली गौसपुर आदि महानुभाव उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0 का आयोजन

बाराबंकी। आज दिनांक 10 फरवरी 2026 को जनपद स्तरीय ष्प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर 2.0ष बाल उत्सव का भव्य आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी राम लाल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बंकी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। साथ ही योग डांस सभी के आकर्षण का केंद्र बना रहा इस अवसर पर डीसी बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी द्वारा बुके भेंट कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन करते हुए जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पुनीत मणि त्रिपाठी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी एवं जनपद के समस्त विकास खण्ड से आए हुए नोडल शिक्षक का स्वागत किया साथ ही साथ विकासखंड स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर जनपद पर स्थान बनाने वाले छात्र–छात्राओं का भी स्वागत कियाइसके पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बाराबंकी श्रीमान नवीन कुमार पाठक जी द्वारा अपने उद्बोधन में संचालित विभागीय नवाचारों एवं विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि




बालिका शिक्षा को सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना होगा। जनपद में चयनित बच्चों को मंडल और प्रदेश में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दीकार्यक्रम में जनपद के 15 विकास खंडों के बालिका नोडल एवं ब्लॉक स्तर से चयनित 60 बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों के लिए दो प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं–ष्मेरे बदलाव की कहानीष एवं कॉमिक्स बुक आधारित कहानी प्रतियोगिता। जनपद स्तर से चयनित 5–5 बच्चों को मंडल स्तर पर प्रतिभाग के लिए भेजा जाएगा। जिसमें बदलाव की कहानी के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फतेहपुर की पायल, रिमजा देवा, स्वाती हैदरगढ़ मोहित रामनगर, गौरी सिंह सूरतगंज पोस्टर प्रतियोगिता में शिवि त्रिवेदीगंज, रंगोली, लक्ष्मी बंकी, रिया देवा, निशा हरख का नाम शामिल है प्रतिभागी बच्चों ने मीना मंच कार्यक्रम के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण से जुड़े अपने अनुभवों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सभी विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया अंत में वित्त एवं लेखा अधिकारी सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी श्री रामलाल जी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक एवं उप जिला उद्योग अधिकारी रूबी जमशेद एवं मंचासीन अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी एवं सुभाष तिवारी ने किया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र शेखर यादव जिला समन्वयक बालिका शिक्षा श्रीमती पुनीत मणि त्रिपाठी नंदन पाण्डेय पुनीत श्रीवास्तव नोडल पारूल शुक्ला राजेंद्र त्रिपाठी। वार्डन पूनम मिश्रा , के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय टीम के सदस्य लेखाकार चंद्रमौली मिश्रा, हरिशंकर, रामप्रकाश, निधि, बबीता वार्डन पूनम मिश्रा एवं विभिन्न विकास खंडों सेआए शिक्षक–शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## विज्ञान प्रदर्शनी देख अभिभावक हुए मंत्रमुग्ध

जौनपुर । बक्शा विकास खण्ड के चुरावनपुर गांव में स्थित मां गुजराती हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में रविवार को छात्र–छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कर अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में लगभग सभी कक्षा के छात्र–छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने भारत के वैज्ञानिकों द्वारा सफलतापूर्वक लांच किया गया चन्द्रयान 3 का मॉडल, जल चक्र, स्मार्ट सिटी, डीएनए मॉडल, वॉटर फ्यूरिफिकेशन, ज्वालामुखी, ह्रदय, किडनी, जल सरंक्षण, सोलर आदि का बेहतरीन मॉडल प्रस्तुत कर अभिभावकों के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। मंत्रमुग्ध अतिथियों एवं अभिभावकों ने बच्चों को शाबासी दी। इस दौरान विद्यालय प्रबंधक सूर्यप्रकाश बबलू, मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय पत्रकारिता विभाग के प्रोफेसर डॉ. मनोज मिश्र, कक्षा 4 के छात्र अनुराग जायसलाल ह्रदय के बारे में पूछे , अनुराग जायसलाल ने सभी जबाब दिए डॉ. मनोज मिश्र छात्र अनुराग जायसलाल की सराहना किया।

## नेत्र शिविर में 136 मरीजों की जांच

जौनपुर । अन्धत्व निवारण कार्यक्रम के तहत लायन्स क्लब शंकरा आई हास्पिटल वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच मोतियाबिंद आपरेशन व लेन्स प्रत्यारोपण शिविर कुत्तुपुर तिराहा पर आयोजित किया गया है। शिविर में 136 लोगों की आंखों की जांच की गई। जांच में 53 रोगी मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए, जिन्हें निशुल्क ऑपरेशन के लिए वाराणसी रवाना किया गया। नेत्र चिकित्सक डॉ. लवली शाह, और उनकी चिकित्सकीय टीम ( संदीप सिंह, राजा सिंह, किरन सिंह, मुस्कान देवी) ने रोगियों की जांच की।

# जापान में सना ए. ताका इची को प्रचंड जनादेश और विपक्ष का सूपड़ा साफ कर जनता ने क्या संदेश दिया?

इस चुनाव को राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने इसलिए भी महत्वपूर्ण बताया क्योंकि प्रधानमंत्री ताका इची ने महज कुछ ही महीनों पहले सत्ता संभाली थी और यह उनका पहला आम चुनाव था। उन्होंने तीन महीने पहले ही निचले सदन को भंग कर दिया था ताकि जनता से स्पष्ट जनादेश लिया जा सके।जापान में निचले सदन के चुनाव परिणाम ने देश की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। इस चुनाव में प्रधानमंत्री सना ए. ताका इची के नेतृत्व वाली लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी ने अभूतपूर्व जीत हासिल की है। पहले चरण के मतगणना के परिणामों के अनुसार ताका इची की पार्टी अकेले ही निचले सदन में 316 सीटें जीतने में सफल रही तथा उसने गठबंधन सहयोगी के साथ मिलकर कुल 352 से अधिक सीटों का दो–तिहाई बहुमत हासिल कर लिया। इस प्रकार वह अकेले ही अपनी पार्टी के बहुमत से कहीं आगे निकल गईं और विपक्ष को भारी पराजय का सामना करना पड़ा।इस चुनाव को राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने इसलिए भी महत्वपूर्ण बताया क्योंकि प्रधानमंत्री ताका इची ने महज कुछ ही महीनों पहले सत्ता संभाली थी और यह उनका पहला आम चुनाव था। उन्होंने तीन महीने पहले ही निचले सदन को भंग कर दिया था ताकि जनता से स्पष्ट जनादेश लिया जा सके। चुनाव के दिन भी देश के कई हिस्सों में जोरदार बर्फबारी और ठंडे मौसम के कारण मतदान केन्द्रों पर कठिन परिस्थितियाँ पैदा हुईं, लेकिन इसके बावजूद मतदाताओं की भागीदारी अपेक्षाकृत मजबूत रही। यह दर्शाता है कि जापानी जनता ने ठंडे मौसम और मुश्किल हालात के बावजूद महत्वपूर्ण राजनीतिक फैसले में भाग लेने की प्रतिबद्धता दिखाई।इस चुनाव में विपक्षी दलों को जिस प्रकार की पराजय मिली, वह जापानी राजनीति के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा घटनाक्रम था। मुख्य विपक्षी गठबंधन और छोटे दलों ने जिस तरह अपनी सीटें गंवाईं, उससे स्पष्ट होता है कि इस समय जनता ने ताका इची के नेतृत्व को अधिक भरोसेमंद और स्थिर विकल्प के रूप में चुना। अधिकांश विश्लेषकों का मानना है कि मतदान के पीछे मुख्य कारण आर्थिक और सामाजिक मुद्दों के साथ सुरक्षा नीतियों पर मतदाताओं की चिंताएँ थीं, जिनके प्रति उन्होंने ताका इची की स्पष्ट सोच को प्राथमिकता दी।ताका इची की जीत का विश्लेषण करते हुए कहा जा सकता है कि यह सिर्फ संख्या की जीत नहीं है, बल्कि यह एक राजनैतिक विश्वास का जनादेश भी है। जापान पिछले कुछ वर्षों से बढ़ते आर्थिक दबाव, बुजुर्ग आबादी से जुड़ी सामाजिक चुनौतियों और बढ़ते क्षेत्रीय तनावों के बीच अपना रास्ता ढूंढ़ रहा है। चीन के साथ संबंधों में तनाव,



ताइवान को लेकर बदलती भू–राजनीति तथा अमेरिका के साथ सुरक्षा साझेदारी जैसी विषयों को लेकर जनता के भीतर मजबूत भावनाएँ हैं। ताका इची ने चुनाव के दौरान स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया था कि जापान को न केवल आर्थिक सुधारों की आवश्यकता है बल्कि उसे अपनी रक्षा और वैश्विक भूमिका को भी मजबूती से परिभाषित करना होगा।हम आपको बता दें कि सना ताका इची स्वयं एक लंबा राजनीतिक अनुभव लिये हुए हैं। उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा 1990 के दशक में संसद सदस्य के रूप में शुरू की थी और समय–समय पर कई महत्वपूर्ण विभागों तथा मंत्रालयों में काम किया। अपने अनुभव, दृढ़ नीतियों और स्पष्ट विचारधारा के कारण उन्हें पार्टी में एक मजबूत छवि मिली। वह इस चुनाव से पहले जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं और इस जीत ने उन्हें अपनी पार्टी तथा जनता दोनों से मजबूत समर्थन दिलाया है। ताका इची ने अपने राजनीतिक कॅरियर में व्यापक विषयों पर सार्वजनिक रूप से अपने दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया है, जिनमें आर्थिक नीतियाँ, सामाजिक सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा जापान की अंतरराष्ट्रीय भूमिका शामिल हैं।उनके नेतृत्व में पार्टी की जीत का एक प्रमुख कारण यह भी बताया जा रहा है कि उन्होंने आर्थिक स्थिरता, रोजगार सृजन और सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को चुनाव में प्रमुख मुद्दों के रूप में उठाया। जापान की अर्थव्यवस्था बड़े कर्ज, कम उत्पादन वृद्धि और बढ़ते जीवनयापन लागत जैसी समस्याओं का सामना कर रही थी, जिनके समाधान के लिये जनता अधिक ठोस नीतियों की उम्मीद कर रही थी। ताका इची ने यह विश्वास दिलाया कि उनकी सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिये गंभीर प्रयास करेगी और एक दीर्घकालिक आर्थिक सुधार योजना लागू करेगी।सुरक्षा मामलों में उनकी विचारधारा और भी अधिक स्पष्ट रही है। उन्होंने बार–बार यह कहा कि जापान को अपनी रक्षा नीतियों को अधिक आत्मविश्वास तथा स्वतंत्रता के साथ परिभाषित करना चाहिए। अमेरिका के साथ रक्षा साझेदारियों को और मजबूती प्रदान करना, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना तथा चीन और उत्तर कोरिया जैसे पड़ोसी देशों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना उनकी प्राथमिकता रही है। इस दृष्टिकोण ने उन मतदाताओं को प्रभावित किया जो जापान की क्षेत्रीय स्थिति को एक जटिल तथा बढ़ती चुनौतियों वाला क्षेत्र मानते हैं। वैश्विक स्तर पर भी इस चुनाव के परिणाम का प्रभाव देखा जा रहा है। इंडो–पैसेफिक क्षेत्र में जापान की भूमिका महत्वपूर्ण है और ताका इची की जीत ने यह संकेत दिया है कि जापान वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तथा आर्थिक साझेदारियों में और अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिये तैयार है। यह क्षेत्रीय स्थिरता, मुक्त व्यापार और सहयोग के लिये एक सकारात्मक संकेत है। जापान की बढ़ती भूमिका ने अमेरिका तथा अन्य मित्र देशों के साथ मिलकर कई साझेदारी योजनाओं को गति दी है और यह उम्मीद जताई जा रही है कि ताका इची सरकार इस दिशा को और मजबूती से आगे बढ़ाएगी।साथ ही भारत–जापान के बीच लंबे समय से मजबूत द्विपक्षीय संबंध रहे हैं। इसी कड़ी में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ताका इची को उनकी शानदार जीत पर व्यक्तिगत रूप से बधाई दी है। मोदी ने यह स्पष्ट किया कि भारत और जापान दोनों ही लोकतंत्रों के साझा मूल्यों, क्षेत्रीय स्थिरता तथा आर्थिक सहयोग के लिये दृढ़ संकल्पित हैं। मोदी की बधाई इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत जापान के साथ साझेदारी को और गहरा करना चाहता है, विशेष रूप से रक्षा, प्रौद्योगिकी, व्यापार तथा क्षेत्रीय सामरिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में।

यह बधाई न केवल व्यक्तिगत सम्मान का प्रतीक है, बल्कि इसका व्यापक महत्व यह है कि भारत दोनों देशों के बीच एक साझा रणनीतिक दृष्टिकोण को और अधिक मजबूत करना चाहता है। भारतीय–जापानी सहयोग का दायरा हाल के वर्षों में लगातार बढ़ा है और इस चुनाव के परिणाम ने इसे और प्रोत्साहन दिया है।

# सम्पादकीय

## भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए नुकसान का पहलू

अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से भारत के श्रम–केंद्रित उद्योगों को राहत मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू–राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ–साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो हानिकारक बात होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करने के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने अपने चिर–परिचित अंदाज में भारत से ट्रेड डील होने का एलान किया। कहा कि इसके तहत अमेरिका भारत पर शलिबरेशन डे टैरिफ्य को 25 से घटा कर 18 प्रतिशत कर देगा। बदले में भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद करेगा, अमेरिका से व्यापार में टैरिफ एवं गैर–टैरिफ रुकावटों को शून्य कर देगा, और 500 बिलियन डॉलर के ऊर्जा, तकनीक, कृषि, कोयला एवं अन्य उत्पाद खरीदेगा। 500 बिलियन डॉलर का अर्थ भारत के सालाना बजट का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा (तकरीबन 46 लाख करोड़ रुपये) है। बहरहाल, ट्रंप के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद जारी अपने बयान में प्रधानमंत्री ने सिर्फ यह उल्लेख किया कि भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में अब सिर्फ 18 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा। इससे ट्रेड डील को लेकर फिर से अस्पष्टता बन गई। बहरहाल, यह साफ है कि इस डील को हासिल करने के लिए भारत ने आगे बढ़ कर कई बड़ी रियायतें दी हैं। उनमें से कई तो करार के पहले ही दे दी गईं। इनमें अमेरिका के कृषि, वाहन, सौंदर्य प्रसाधन, इलेक्ट्रॉनिक्स, धातु एवं केमिकल्स उत्पादों पर भारत में आयात शुल्क में भारी कटौती शामिल है। साथ ही रक्षा सौदों का दायरा बढ़ाया गया। परमाणु उत्तरदायित्व कानून में अमेरिकी कंपनियों के अनुकूल बदलाव किया गया। ट्रंप प्रशासन के दबाव में भारत ने रूस से तेल की खरीदारी घटाई, ऐसी खबरें सुर्खियों में रही हैं। अब अगर ये पहलू ट्रेड डील का हिस्सा है, तो यह बेहद आपत्तिजनक बात होगी। इसलिए कि यह अपने संप्रभु निर्णय को किसी अन्य देश की भू–राजनीतिक जरूरतों के सामने समर्पित करने जैसा होगा। दरअसल, खरीदारियों के बारे में भी कोई व्यक्ति या देश अपनी जरूरत एवं बाजार के तर्कों से फैसला लेता है। किसी दबाव में आकर इस बारे में बंधना अपने हितों से समझौता होगा। अमेरिका में टैरिफ 18 प्रतिशत होने से वस्त्र, जेवरात आदि जैसे श्रम–केंद्रित उद्योगों को राहत अवश्य मिलेगी। लेकिन अमेरिका की भू–राजनीतिक रणनीतियों से जुड़ी शर्तें ट्रेड डील में शामिल हुईं, तो आर्थिक के साथ–साथ भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि के लिए भी वो नुकसान का पहलू होगा।

## अब कमंडल ही मंडल हो गया

यह सवाल इसलिए है क्योंकि भाजपा सरकार ने विश्व विद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी से ऐसा नया नियम जारी कराया, जिससे देश के करीब ढाई हजार उच्च शिक्षा संस्थानों की तस्वीर बदल जाती। यह कहना अतिरंजित लग सकता है लेकिन इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर यूजीसी के नियम उसी रूप में लागू होते, जिस रूप में उनको जारी किया गया था तो देश के उच्च शिक्षण संस्थान नब्बे के दशक का बिहार और उत्तर प्रदेश बन सकते थे। लालू यादव की पार्टी की एक प्रवक्ता ने इसका इशारा भी किया था। जब इन नियमों के हवाले उससे पूछा गया कि इसके जरिए तो अगड़ी जाति के छात्रों और शिक्षकों को फंसाया जा सकता है तो उसने दो टूक अंदाज में कहा कि इनको फंसाया जाना चाहिए क्योंकि ये 90 फीसदी बहुजन के अधिकार को स्वीकार नहीं करते हैं। फिर उसने हजारों साल के दमन, अत्याचार वगैरह की बातें भी कहीं। सुप्रीम कोर्ट ने जब यूजीसी के नियमों पर रोक लगाई तो सुनवाई के दौरान लालू यादव की पार्टी की प्रवक्ता के उस बयान का भी जिक्र एक वकील ने किया था।

पहले कानून के हिसाब से देखें तो भारत में माना जाता है कि हर अच्छे कानून का दुरुपयोग हो सकता है। लोग उसमें लूप होल्स निकाल ही लेते हैं। लेकिन जब कानून ही खराब हो तो क्या होगा? तब तो उस कानून के दुरुपयोग की जरुरत नहीं है। फिर तो उसके सदुपयोग से भी लोगों को फंसाया जा सकता है या किसी को बचाया जा सकता है। यूजीसी ने जो नए नियम जारी किए थे वो नियम इस दूसरी श्रेणी में आते हैं। वे इतने खराब हैं कि उनके दुरुपयोग की जरुरत नहीं है। उनके सदुपयोग से भी देश के एक छोटे से जातीय समूह के छात्रों और शिक्षकों को फंसाया जा सकता है और उनके करियर पर ग्रहण लगाया जा सकता है।

ध्यान रहे शिक्षण संस्थानों में किसी तरह का भेदभाव रोकने के नियम पहले से बने थे। यूपीए सरकार के समय यूजीसी ने 2012 में नियम बनाए थे, जिनमें सभी छात्रों के साथ भेदभाव रोकने के प्रावधान किए गए थे। लेकिन 2026 में नरेंद्र मोदी की सरकार के समय जो नियम जारी किए गए उसमें कई चीजें बदल दी गईं। पहले नियम में सिर्फ भेदभाव की बात कही गई थी, जबकि नए नियमों में जाति आधारित भेदभाव की बात जोड़ दी गई और सामान्य वर्ग को छोड़ कर बाकी सबको भेदभाव के संभावित शिकार के तौर पर परिभाषित किया गया। इसी तरह पुराने नियम में गलत शिकायत करने वाले के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान था, जिसे नए नियमों में हटा दिया गया।इस तरह गलत शिकायत करके किसी को फंसाने का लाइसेंस दिया गया। पुराने नियम में शिकायत सुनने वाली कमेटी में सभी वर्गों के सदस्य रखने का प्रावधान था, जबकि नए नियम में एससी, एसटी, ओबीसी सदस्य रखने को अनिवार्य किया गया और सामान्य वर्ग का सदस्य रखने की अनिवार्यता नहीं रखी गई।

# त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी केन्द्रीय बजट

डॉ. महेन्द्र सिंह

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2026–27 के लिए संसद में पेश किया गया गया बजट देश के त्वरित विकास को समर्पित कल्याणकारी बजट है। इस बजट में समाहित प्रस्तावों में आर्थिक विकास की गति को बढ़ाने और उसे निरन्तर बनाये रखने पर जोर दिया गया है। साथ ही, लोककल्याण के लिए बजट प्रस्तावों पर भी पर्याप्त बल दिया गया है। वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में तीन कर्तव्यों को उजागर किया। ये हैं रू () अस्थिर वैश्विक परिस्थितियों के प्रति लचीलेपन में वृद्धि करते हुए आर्थिक विकास को गति प्रदान करना और उसे बनाये रखनाय जन आकाँक्षाओं की पूर्ति और उनकी क्षमताओं का वर्द्धन करना एवं देश के प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र और वर्ग तक संसाधनों, सुविधाओं तथा अवसरों की पहुंच को सुनिश्चित करना। इस तरह ये कर्तव्य मोदी सरकार की सर्वसमावेशी एवं पोषणीय विकास की रणनीति को सुस्पष्ट रूप में परिभाषित करते हैं। ध्यातव्य है कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के केन्द्र में एक ओर आर्थिक संवृद्धि की गति को तेज करना रहा है वहीं दूसरी तरफ सापेक्षतया वंचित लोगों एवं क्षेत्रों को उनकी क्षमता व सामर्थ्य को बढ़ाते हुए उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करना रहा है। इस दृष्टि से यह कहना समीचीन है कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास का ध्येय वाक्य लोकनीतियों के प्रतिपादन एवं कार्यान्वयन का नाभिकेन्द्र रहा है। इसमें आर्थिक समृद्धि एवं लोककल्याण में वृद्धि स्वतरू विहित रहे हैं।

मोदी सरकार द्वारा संरचनात्मक आर्थिक सुधारों का मूल विचार रिफार्म, परफार्म व ट्रॉन्सफार्म रहा है। इस बजट में भी, बजट प्रावधानों को अधिक परिणामोन्मुखी बनाने के लिए सुधारों के क्रम को जारी रखा गया है। विकसित भारत के महालक्ष्य को प्राप्त करने के लिए इस बजट में कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था, मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, एमएसएमई, ओडीओपी, रिन्यूबल व न्यूक्लियर एनर्जी, सेमिकंडक्टर, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स, जलमार्ग व रेल विकास, डिकार्बनाइजेशन, निर्यात संवर्द्धन, रक्षा क्षेत्र इत्यादि संभावनापूर्ण क्षेत्रों एवं तत्सम्बन्धी क्रियाओं के संवर्द्धन व विकास के लिए वित्तमंत्री द्वारा प्राथमिकता के आधार पर अपेक्षित आवंटन किए गये हैं। साथ ही, मानव पूँजी के निर्माण से सम्बन्धित क्षेत्रों यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला, युवा और दिव्यांग सशक्तिकरण पर पर्याप्त बल दिया गया है। वस्तुतरू, मानव पूँजी के बेहतर विकास से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी तथा जनकल्याण में वृद्धि होगी।वित्तमंत्री ने इस बजट में राजकोषीय सुदृढ़ीकरण को जारी रखते हुए इस पर विशेष बल दिया है। हाल के वर्षों में जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा में निरन्तर गिरावट से इस बात की पुष्टि होती है कि मोदी सरकार का राजकोषीय प्रबन्धन सम्बन्धी निष्पादन श्लाधनीय रहा है। वर्ष 2021–22 में राजकोषीय घाटा जीडीपी का 6.7 प्रतिशतय 2022–24 में 6.5 प्रतिशत 2023–24 में 5.5 प्रतिशतय 2024–25 में 4.8 प्रतिशत एवं 2025–26 में 4.4 प्रतिशत था। इसे 2026–27 के बजट में कम करके 4.3 प्रतिशत पर रख गया है। ये प्रवृत्तियाँ राजकोषीय व्यवस्था की मजबूती की परिचायक हैं।मोदी सरकार की राजकोषीय प्रवीणता एवं बेहतर वित्तीय प्रबंधन का ही परिणाम है कि जीडीपी के सापेक्ष राजकोषीय घाटा निरन्तर घटा है। साथ ही, वित्तमंत्री इस बात में भी सफल रही हैं कि उन्होंने इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष केन्द्र सरकार के ऋण को 55.6 प्रतिशत पर रखा है। यह वर्ष 2025–26 के लिए 56.1 प्रतिशत रखा गया था। साथ ही, इस बजट में जीडीपी के सापेक्ष राजस्व घाटा एवं प्राथमिक घाटा में भी कमी आई है। घटते घाटे एवं ऋण से निजी पूँजी निवेश में वृद्धि होगी।

इस बजट में, राजस्व में सतत वृद्धिय पूँजीगत व्यय में वृद्धि और राजकोषीय पारदर्शिता में सुधार के संकेतकों से भी देश की राजकोषीय सुदृढ़ता की पुष्टि होती है। पूँजीगत खर्च के जरिये अवस्थापना क्षेत्र के विकास ने विकास को तेज करने और रोजगार को बढ़ाने में उल्लेखनीय तौर पर योगदान दिया है। इंफ्रास्ट्रक्चर आर्थिक विकास में धमनियों का कार्य करता है। इसलिए यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर मोदी सरकार द्वारा किया गया निवेश लगातार विकास का इंजन बना हुआ है। एक ओर जहाँ केन्द्र सरकार स्वयं पूंजीगत व्यय को बढ़ा रही हैय वहीं दूसरी ओर राज्य सरकारों को भी अनुदान व ऋण देकर उनके पूँजीगत खर्च को बढ़ाने में मदद कर रही है। वर्ष 2025–26 की तुलना में 2026–27 के बजट में पूँजीगत आवंटन में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि राज्यों को दी जाने वाली अनुदान राशि को भी जोड़ लिया जाय तब प्रभावी पूँजीगत व्यय की वृद्धि 22 प्रतिशत बैठती है। इस तरह मोदी सरकार की यह विचारणा सुस्पष्ट होती है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती आर्थिक उन्नति का मूलाधार है। इस बजट में कुछ विशिष्ट क्षेत्रों क्षेत्रों में पूँजीगत व्यय की वृद्धि दरें इस तरह हैंरू टेलीकॉम 97 प्रतिशतय रक्षा 18 प्रतिशतय रेलवे 10 प्रतिशतय सड़क व हाईवे 8 प्रतिशत एवं आवास व नगरीय विकास 6 प्रतिशत। यह तथ्य यह भी दर्शाते हैं कि बेहतर राजकोषीय प्रबन्धन से अब विकासगामी क्रियाओं के लिए अधिक वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो रहे हैं।

जीडीपी के सापेक्ष सरकारी ऋण भार को घटाकर 2030–31 तक 50 प्रतिशत पर लाने का लक्ष्य रखा गया है। स्पष्ट है कि इससे आगामी वर्षों में अवस्थापना के विकास के लिए और अधिक फिस्कल स्पेस मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि पूँजीगत व्यय में मोदी सरकार द्वारा की गई वृद्धि से आय में तो कई गुना वृद्धि होती ही है, इससे रोजगार में भी उल्लेखनीय तौर पर वृद्धि होती है। इस बजट में छोटे, मझोले एवं धार्मिक नगरों के विकास के लिए भी प्रावधान किए गये हैं। नगरीय क्षेत्रों में जन सुविधाओं के बेहतर विकास से जनजीवन सुगम व स्वस्थ होगा। साथ ही, इसके विकास से कारोबार सुगम होगा, इसमें वृद्धि होगी। धार्मिक व साँस्कृतिक स्थलों के उन्नयन से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा देश–विदेश से पर्यटकों की आवाजाही से आर्थिकी सशक्त होगी। इस बजट में हास्पिटेलिटी तथा हेल्थ टूरिज्म से भी लोगों की आजीविका के स्रोतों में वृद्धि, रेल एवं जलमार्गों के विकास एवं अपग्रेडेशन से लाजिस्टिक्स की लागतें घटेंगी। इससे व्यापार में वृद्धि तो होगी ही, साथ ही आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी और अर्थव्यवस्था की स्पर्धात्मकता में वृद्धि से निर्यात–प्रेरित निवेश होगा।

इस बात का उल्लेख करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि इस बजट में अवस्थापना क्षेत्र के विकास के लिए 12.20 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं। यह एक बड़ी धनराशि है। इससे विकास की गति को तेज करने तथा रोजगार को बढ़ाने में महती सहायता मिलेगी। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के अन्तर्गत इस बजट में 40 हजार करोड़ रुपये रखे गये हैं। इसके अतिरिक्त जिन 7 रोजगारपरक क्षेत्रों को समावेशित किया गया है वे हैंरू बायो फार्मा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रानिक्स कंपोनेन्टस, रेयर अर्थ, रसायन, पूँजीगत वस्तएँ और टेक्सटाइल्स। इनसे मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की संवृद्धि बढ़ेगी। वस्तुतरू, ये अर्थव्यवस्था के उदीयमान क्षेत्र हैं और इनमें उत्पादन, रोजगार व निर्यात की प्रचुर संभावनाएं हैं। इसके अलावा बजट में लघु एवं मध्यम उद्योगों को चौंपियन बनाने के निर्णय से भी इस क्षेत्र का विकास तेज होगा। आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में एमएसएमई, ओडीओपी तथा खादी क्षेत्र की भूमिका महती स्थान रखती है। रक्षा व्यय में वृद्धिय विशेष तौर पर पूँजीगत व्यय में वृद्धि से भी रक्षा मामले में हमारी आत्म–निर्भरता बढ़ेगी और रक्षा सामग्री का निर्यात बढ़ेगा।

कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए इस बजट में जो प्रावधान किये गये हैं उनसे कृषि एवं गैर–कृषि क्रियाओं के पारस्परिक आर्थिक सम्बन्धों को ताकत मिलेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ेगी।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौताः मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है।अंतरराष्ट्रीय राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर–प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति–संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां "देर आए, दुरुस्त आए" की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दर्शाता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया।50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है।

# आज का राशिफल

मेष राशि–
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। इस समय लोग बेहतरीन विचारों को सुननेदृजानने के लिए बहुत उत्सुक होंगे। आज आप लोगों से जो भी बात मनवानी है, आसानी से मनवा सकते हैं।

वृष राशि
आज का दिन आपका खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका रचनात्मक कार्यों में नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी। आज आप अपने मन के आधार पर फैसले लेंगे। लेकिन वे सिर्फ पैसों के मामले में लाभकारी साबित होंगे।

मिथुन राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए अच्छी खबर मिल सकती है। आपको किसी कंपनी में इंटरव्यू के लिए बुलाया जा सकता है।

कर्क राशि–
आज आपका दिन ठीक–ठाक रहेगा। आज आप शाम का समय परिवारवालों के साथ बिताएंगे। इस राशि के जो लोग बिजनेस करते है आज उन्हें धनलाभ होने की उम्मीद है।

सिंह राशि–
आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाइयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा। आज किसी पुराने मित्र से मिलने उसके घर जा सकते हैं

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी मदद से पूरा हो जाएगा।

तुला राशि–
आज आपका दिन खुशनुमा बना रहेगा। आज आप किसी काम को करते समय अपने मन को शांत रखें, तो आपका काम आसानी से सफल होगा। अगर आप जल्दी मचाएंगे तो सब गड़बड़ हो जाएगा।

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए बहुत बढ़िया है। जिन चीजों के लिए आप लंबे समय से कोशिश कर रहे हैं, आज पूरे होने वाली हैं। जिन कोशिशों को आप अपनी ओर से व्यर्थ मान चुके थे, वे आज सफल होंगी।

धनु राशि –
आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपके मन में नए विचार आयेंगे, हो सकता है किसी नए बिजनेस की शुरुआत करें, जिससे भविष्य में आपको फायदा होगा।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। आज का दिन यात्रा में बीतेगा। ये यात्रा में ऑफिस के काम से संबंधित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दूर के रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है।

कुंभ राशि–
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा मंदिर जाने या किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं। आज आनंद की प्राप्ति के लिए आपको अपने स्वभाव में थोड़ा परिवर्तन लाने की जरूरत है।

मीन राशि–
आज आपकी किस्मत आपका पूरा साथ देगी। आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी अच्छे तरीके से काम करेंगे। आप अपने माता–पिता या बहन भाइयों के साथ भी समय बिता सकते हैं। ऑफिस में नया काम करने का मौका मिल सकता है। आज दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है।

विज़डम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 11 फरवरी 2026
sheelshukla100@gmail.com


# द प्रेस क्लब गठन को मिली रफ्तार, कार्यसमिति में विस्तार की घोषणा

मेरठ। दा प्रेस क्लब की विशेष बैठक प्रेस क्लब भवन, मंगल पांडे नगर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार और अमर उजाला के पूर्व संपादक नीरज कांत राही ने की, जबकि संचालन दा प्रेस क्लब के संयोजक दिनेश चन्द्रा ने किया। बैठक में मेरठ में प्रेस क्लब गठन की प्रक्रिया को गति देने के लिए कार्यसमिति में बदलाव व विस्तार की घोषणा की गई। संयोजक एवं मुख्य सचेतक दिनेश चन्द्रा ने कार्यसमिति में बदलाव की घोषणा की। बैठक को संबोधित करते हुए नीरज कांत राही ने कहा कि प्रेस क्लब पत्रकारों की एकजुटता, स्वतंत्रता और गरिमा का प्रतीक होना चाहिए। मेरठ में एक मजबूत और सक्रिय प्रेस क्लब की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे अब ठोस आकार दिया जा रहा है। दा प्रेस क्लब के अध्यक्ष रवि शर्मा ने कहा कि प्रेस क्लब सभी पत्रकारों का साझा मंच होगा। संगठन का उद्देश्य पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा, समस्याओं का समाधान और सकारात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष शादाब रिजवी ने कहा कि दा प्रेस क्लब पत्रकारों को जीवंत और प्रभावी मंच बनाया जाएगा, जहां पत्रकार खुलकर अपनी बात रख सकें और संगठित होकर आगे बढ़ें।महामंत्री के के शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में प्रेस क्लब की गतिविधियां और सक्रिय होंगी। प्रशिक्षण, संवाद और सामाजिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। बैठक में दो आगामी कार्यक्रमों की घोषणा भी की गई। 15 फरवरी 2026 को होटल हारमनी में पत्रकार सम्मेलन तथा 3 मार्च 2026 को प्रेस क्लब भवन में होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। दा प्रेस क्लब कार्यसमिति संरक्षकरू पुष्पेंद्र शर्मा, नीरज कांत राही, सूर्यकांत द्विवेदी, संत राम पांडे, अशोक गोस्वामी, इंद्र मोहन आहूजाअध्यक्षरू रवि शर्मावरिष्ठ उपाध्यक्षरू शादाब रिजवीउपाध्यक्षरू दिनेश दिनकर, ज्ञान प्रकाश, संजीव तोमरमहामंत्रीरू के के शर्मा मंत्री रामबोल तोमर, राजीव शर्मा, सुधीर चौहान, शाहीन परवीन, विकास दीप त्यागीसंयुक्त मंत्रीरू अनिल पुरोहित, संदीप चौधरी, शिव प्रकाश, राजू शर्मा, हेमन्त शर्मा, ललित ठाकुर कोषाध्यक्ष— मुकेश गोयलकार्यालय मंत्रीरू विनोद गोस्वामी, नरेंद्र शर्मा प्रचार मंत्रीरू त्रिनाथ मिश्राप्रवक्तारू अरुण सागरअध्यक्ष सदस्यता निर्धारण समितिरू इंद्र मोहन आहूजा,अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठरू सुदेश यादव "जख्मी",अध्यक्ष आयोजन समितिरू मनमोहन भल्ला,अध्यक्ष वाद निस्तारण समितिरू पवन शर्मा कार्यकारिणी सदस्यरू राजेश शर्मा, राजीव शर्मा, ओमपाल ठाकुर, ललित गोस्वामी, शान मोहम्मद, पूजा रावत, अक्षय चौधरी, विजय वर्मा सलाहकार समिति अशोक गोस्वामी,अजय चौधरी, महेश शर्मा, राजेश शर्मा, नीरज त्यागी मौजूद रहे।

# मेरठ-बड़ौत मार्ग पर कार को डंपर से कुचलने की कोशिश, पथराव और फायरिंग

मेरठ–बड़ौत मार्ग पर ईंटों से लदे डंपर के चालक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार सागर, शिवम, प्रियम, गौरव व अनुज बाल–बाल बचे। घटना के बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने हंगामा करते हुए मार्ग पर जाम लगा दिया। इससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।पीड़ित सागर ने तहरीर में बताया कि रविवार को वह अपने चार साथियों के साथ बागपत के दोघट में शादी समारोह में शामिल होकर मेरठ की ओर जा रहे थे। वह मेरठ–बड़ौत रोड पर बरनावा क्षेत्र में पहुंचे तो उनके आगे ईंटों से लदा एक डंपर चल रहा था। कार सवारों ने डंपर चालक को पास देने के लिए डिपर व हॉर्न दिया। आरोप है कि चालक व उसके साथियों ने जान बूझकर साइड नहीं दी। विरोध करने पर डंपर की छत पर बैठे तीन लोगों ने गाली गलौज करते हुए उनकी कार पर पथराव कर दिया। किसी तरह कार सवारों ने अपनी जान बचाई।पीड़ितों का आरोप है कि डंपर सवार आरोपियों ने कस्बा खिवाई में अपने साथियों को कॉल कर कार का नंबर बता दिया। कार सवार खिवाई पहुंचे तो आरोपियों के साथियों ने डंपर व ट्रैक्टर सड़क के बीच खड़ा कर उनका रास्ता रोकने का प्रयास किया। जान का खतरा भांपते हुए कार सवारों ने वाहन मोड़कर सरधना की ओर भागने की कोशिश की। इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे डंपर ने जान से मारने की नीयत से उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से कार सड़क किनारे एचटी लाइन के खंभे से जा टकराई। इससे खंभा टूटकर कार पर गिर गया। गनीमत रही कि कार` चारों एयरबैग खुल गए जिससे कार सवारों की जान बच गई।सरूरपुर सहित आसपास के कई थानों से पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा और लोगों को समझा–बुझाकर शांत किया। पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ 12वीं के विद्यार्थियों की हुई विदाई

लालगंज,रायबरेली। एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में कक्षा 12 के छात्रों के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह व सह प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह द्वारा मां वीणा वादिनी की पूजा अर्चना तथा माल्यार्पण के साथ किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने प्रबंधक तथा प्रबंधिका को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। तत्पश्चात अपने स्वागत भाषण के साथ उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों के महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या व प्रबंध समिति द्वारा कक्षा 12 के छात्रों को स्मृति चिन्ह व उपहार दिए गए। इसके उपरांत विद्यार्थियों के साथ भावनात्मक फोटो सेशन आयोजित किया गया जिसमें शिक्षकों और छात्रों की यादें कैमरे में कैद हुईं। कार्यक्रम में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। नृत्य संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया इसी के साथ अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी प्रभावशाली मंचन किया गया जिसने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय की सह प्रबंधिका डॉ अनुश्री सिंह ने अपने प्रेरक अभिभाषण में छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने तथा विद्यालय की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया, वहीं विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन के नए पड़ाव के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता के साथ–साथ नैतिक मूल्यों को अपनाना ही सच्ची उपलब्धि है। समारोह के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा धन्यवाद भाषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्रों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# युवक का अपहरण कर लेकर घूमते रहे, तीन घंटे बाद छोड़कर भागे

मेरठ। खरखौदा स्थित धीर खेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस चौकी से मात्र 500 मीटर की दूरी पर काली स्कॉर्पियो सवार युवकों ने हथियारों के बल पर युवक का अपहरण कर लिया। युवक जान बचाने के लिए पास में ही पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुसा, लेकिन बदमाश हथियारों के बल पर युवक को स्कॉर्पियो में डालकर ले गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सर्विलांस की मदद से युवक को तीन घंटे में ही बुलंदशहर जनपद के बीबी नगर कस्बे से तलाश लिया। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस जांच कर रही है। खरखौदा थाना क्षेत्र के कैली निवासी सुरेंद्र ने बताया कि उसका बेटा कार्तिक (26) धीरखेड़ा स्थित सेल्फ ड्राइव के कार्यालय पर नौकरी करता है। रविवार अपराह्न करीब तीन बजे वहां पहुंची काली स्कॉर्पियो में सवार कुछ युवकों ने पहले कार्तिक के साथ मारपीट की, बाद में हथियारों के बल पर उसे जबरन गाड़ी में डालने का प्रयास करने लगे। कार्तिक अपनी जान बचाने के लिए पास में भारत पेट्रोल पंप के कार्यालय में घुस गया, लेकिन बदमाश कार्यालय में घुस गए और हथियारों के बल पर कार्तिक का अपहरण कर स्कॉर्पियो में डालकर ले गए। पेट्रोल पंप पर तैनात कर्मचारियों ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी।बाद में पंप कर्मचारियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सीओ किठौर प्रमोद कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से बदमाशों का पीछा करते हुए तीन घंटे में कार्तिक को बुलंदशहर जनपद के कस्बा बीबीनगर से तलाश लिया। पुलिस को देखकर बदमाश कार्तिक को छोड़कर भाग गए। पीड़ित पिता सुरेंद्र सिंह ने हापुड़ जनपद के रामपुर निवासी निवासी सिद्धार्थ कसाना और उसके साथियों पर शक जाहिर करते हुए अपहरण की प्राथमिक दर्ज कराई है। ये बोले सीओपीड़ित पक्ष की तहरीर पर इस मामले में खरखौदा थाना पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनके पकड़े जाने पर अपहरण की वजह पता चलेगी।

# चोरी के आभूषण के साथ एक बाल अपचारी सहित दो गिरफ्तार




रायबरेली। डीह क्षेत्र के हाजीपुर में एक घर में हुई चोरी की घटना के सिलसिले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से करीब 16 लाख रुपये के आभूषण बरामद किए गए हैं। आरोपियों में एक बाल अपचारी भी शामिल हैं।घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि डीह थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर निवासी हरेंद्र सिंह 5 फरवरी को घर का ताला लगाकर शादी में शामिल होने गए थे। 6 फरवरी को वापस आने पर पता चला कि चोर घर का ताला तोड़कर अंदर अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण व तीन बोरी धान के चोरी कर ले गए ।डीह थाना प्रभारी जितेंद्र मोहन सरोज ने इस घटना के सिलसिले में विजय कुमार उर्फ लल्लू निवासी हाजीपुर डीह को हाजीपुर जंगल के पास से गिरफ्तार कर लिया।साथ ही एक बाल अपचारी को भी पुलिस ने निगरानी में लिया है। एएसपी ने बताया कि आरोपियों ने चोरी की घटना को कबूल किया है।

# शिक्षिका के पति ने किया सुसाइड बैंक गई थी पत्नी, परिजनों ने कहा- बहू बेटे को टार्चर करती थी

मेरठ। मेरठ में सहायक शिक्षिका के पति ने सुसाइड कर लिया। वारदात के समय शिक्षिका किसी काम से अपने डेढ़ वर्ष के मासूम बेटे को पति के पास छोड़कर बैंक गई थी। बेटे की मौत के बाद मौके पर आए परिजनों ने हंगामा कर दिया। उनका आरोप था कि बहू उनके बेटे को टॉर्चर करती थी। पुलिस ने शव मोर्चरी भिजवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विजयनगर में योगेश चंद्रा का मकान है। इस मकान में रजनीश सैनी (40) पुत्र वेद प्रकाश सैनी अपनी पत्नी बबीता और डेढ़ वर्ष के मासूम केशव के साथ किराए पर रह रहे थे। बबीता आरजी इंटर कॉलेज में सहायक शिक्षिका हैं। सुबह करीब 11 बजे वह बैंक गई थी। घर पर रजनीश अपने बेटे केशव के साथ थे। इसी दौरान रजनीश ने दूसरे तल पर बने स्टोर में जाकर फांसी लगा ली।

वारदात के वक्त बैंक गई हुई थी पत्नीबबीता ने बताया– वह इन दोनों चाइल्ड केयर लीव पर है। हाल ही में उन्होंने गंगानगर में एक मकान खरीदा है। सोमवार को उसकी रजिस्ट्री होनी थी। वह बैंक पैसे के सिलसिले में गई थी। वहां से बबीता ने पति को फोन मिलाया लेकिन फोन पिक नहीं हुआ। वह अधूरा काम छोड़कर घर आ गई।

तार के फंदे पर लटका हुआ था शव

देखा बेटा केशव कमरे में सोफे पर अकेला खेल रहा है। पति रजनीश को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दूसरे तल पर जाकर देखा तो स्टोर अंदर से बंद था। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए। दरवाजा तोड़ा तो अंदर रजनीश का शव फंदे के सहारे लटका था।

पत्नी बबीता का रो–रो कर बुरा हालपति को फंदे पर लटका देख बबीता चीख पड़ी। वह जोर–जोर से चिल्लाने लगी के पति को नीचे उतारो, लेकिन पुलिस केस कहकर लोगों ने मना कर दिया। इसके बाद सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचित किया गया। कुछ लोगों ने बबीता से रजनीश के परिजनों का नंबर लेकर उन्हें सूचना दे दी। स्कूल की शिक्षिकाएं भी सूचना पाकर घर पहुंच गई और बबिता को संभाला।

रजनीश और बबीता की लगभग 9 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद ही बबीता की सहायक शिक्षिका के रूप में नौकरी लग गई और पहली पोस्टिंग बुलंदशहर मिली। जुलाई, 2023 में वह ट्रांसफर लेकर मेरठ आ गई। यहां बबीता को आरजी इंटर कॉलेज मिला। रजनीश की प्राइवेट जॉब करते थे, लेकिन फिर बेटे को संभालने की वजह से उन्होंने नौकरी छोड़ दी।

बदहवास माता–पिता, भाई भी खूब रोयारजनीश का परिवार मुजफ्फरनगर के जानसठ का रहने वाला है जबकि बबीता सहारनपुर के देवबंद की है। रजनीश की मौत की सूचना मिलते ही परिवार मेरठ के लिए रवाना हो गया। पिता वेद प्रकाश बिलख बिलख कर रोने लगे और जमीन पर लेट गए। मां निर्मला भी फूट–फूट कर रोने लगी। बड़े भाई अमित का भी बुरा हाल था। उसके बाद कुछ रिश्तेदार भी आ गए।

# घूसखोर पंडित के निर्माता और सेंसर बोर्ड के अधिकारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग

मेरठ। अपने टाइटल को लेकर विवादित मूवी श्घूसखोर पंडितश के डायरेक्टर ने भले ही फिल्म का नाम बदलने की बात कही हो। मगर, इस फिल्म के नाम को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहरा रहा है। सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे ब्राह्मण समाज के नागरिकों ने फिल्म के निर्माता, कलाकारों और सेंसर बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

विजय हिंदुस्तानी के साथ ब्राह्मण समाज के दर्जनों लोग सोमवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचे। एसएसपी से मिलकर ब्राह्मण समाज के नागरिकों ने आरोप लगाया कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने और ब्राह्मण समाज के बदनाम करने के उद्देश्य से फिल्म के निर्माता ने जानबूझकर फिल्म का नाम श्घूसखोर पंडितश रखा। इतना ही नहीं विवादित नाम के बावजूद तमाम कलाकारों ने इस फिल्म में काम किया और सेंसर बोर्ड ने भी बिना किसी आपत्ती के इस फिल्म को पास कर दिया। जिससे साफ जाहिर होता है कि सभी लोग ब्राह्मण समाज को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। इतिहास गवाह है कि देश और दुनिया के निर्माण में ब्राह्मणों का विशेष योगदान रहा है। इसके बावजूद एक जाति विशेष को टारगेट करके निर्माता और सेंसर बोर्ड ने तमाम ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने का काम किया है। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के निर्माता, कलाकारों और सेंसर बोर्ड के अधिकारियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

# मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

ऊँचाहार,रायबरेली ।तहसील क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गये, जिसमें एक घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

पहली घटना अरखा प्लाई फैक्ट्री के पास की है, जहाँ रविवार की देर शाम दो बाइकों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई, घटना में एक बाइक पर सवार साजिद 40 वर्ष निवासी मुगलपुर व दूसरी बाइक पर सवार आदर्श सिंह 30 वर्ष निवासी कंदराँवा घायल हो गये, एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

दूसरी घटना रामचंद्रपुर रेलवे क्रासिंग के पास की है।जहां रविवार की रात डम्पर की टक्कर से साइकल सवार भगन 75 वर्ष निवासी पूरे बसन्त सिंह मजरे कमोली घायल हो गया, जिसे परिजनों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया है।सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल तीन लोग सीएचसी आये थे, जिसमें साजिद को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# दुकानें खाली करने के लिए 15 दिन का आखिरी अल्टीमेटम, सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों में खलबली

मेरठ। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेंट्रल मार्केट की अवैध दुकानों को ध्वस्त करने को लेकर जारी किए गए आदेश के बाद सोमवार को आवास विकास के अधिकारियों ने व्यापारियों की दुकानों पर आखिरी नोटिस चस्पा कर दिया। जिसमें व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान खाली करने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। नोटिस चस्पा होने के बाद सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों में खलबली मची हुई है।सोमवार को आवास विकास के अधिकारी और कर्मचारी पुलिस बल के साथ सेंट्रल मार्केट में पहुंचे। जहां उन्होंने दुकानों के बाहर नोटिस चस्पा करते हुए व्यापारियों को आखरी चेतावनी दी। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लेख करते हुए बताया गया कि पूर्व में दिए गए नोटिसों के बावजूद व्यापारियों ने अब तक ना तो अपने अवैध निर्माण खुद तोड़े और ना ही दुकानें खाली करके आवास विकास के अधिकारियों को सूचित किया। जिसके चलते कोर्ट के आदेश की अवमानना हो रही है।आवास विकास के अधिकारियों ने सेंट्रल मार्केट के प्रतिष्ठानों के मालिकों को 15 दिन में अपने अवैध निर्माण स्वयं ध्वस्त करने या प्रतिष्ठान खाली करके आवास विकास के हवाले करने के आदेश दिए हैं। जिससे ध्वस्तीकरण की कार्यवाही हो सके। आवास विकास द्वारा चिपकाए गए नोटिसों के बाद सेंट्रल मार्केट के व्यापारियों में खलबली मची है।

# राजापाकड़-कोटवा 33 केवी लाइन गायब, करोड़ों की लूट का खेल उजागर

कुशीनगर, (आरएनएस)। तकरीबन एक दशक पूर्व जनपद के राजा पाण्डेय, पाकड बिजली घर से कोटवा बाजार तक दौडाई गयी 33 हजार वोल्टेज की हाई वोल्टेज लाइन मौके पर रहस्यमय तरीके से पूरी तरह गायब है। हैरानी की बात यह है कि महंगे तार और पोल हटाए जाने के बावजूद न तो कोई आधिकारिक आदेश सामने आया, न ही बिजली विभाग ने अब तक स्थिति स्पष्ट की है। चर्चा के अनुसार तत्कालीन जेई बिना किसी उच्चाधिकारी के आदेश पर पोल से तार उतरवाकर बेच दिया और सारा धन खुद ही डकार गये। इस बात में कितनी सच्चाई है यह गहन जांच का विषय है।

बताते चलें कि राजापाकड़ बिजली घर से कोटवा बाजार तक जब 33 हजार वोल्ट की हाई वोल्टेज विद्युत लाइन दौड़ाई गई थी। उस समय बिजली विभाग द्वारा दावा किया गया था कि इससे क्षेत्र को बेहतर बिजली आपूर्ति मिलेगी। लेकिन हकीकत यह है कि करोड़ों रुपये की सरकारी संपत्ति कुछ ही वर्षों बाद हवा हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले पोल लगाये गये फिर फिर 33 हजार वोल्ट विद्युत सप्लाई के लिए तार दौडाई गयी फिर कुछ वर्षों के बाद न कोई सूचना, न कोई आदेश तार उतारे गए फिर पोल उखाड दिये गये जैसे यह किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति हो। जानकारों का कहना है कि जनता को बेहतर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने के उद्देश्य से दौडायें के 33 हजार वोल्ट के विद्युत लाइन हटाने का क्या मतलब है। क्या इसे हटाने का आदेश उच्चाधिकारियों ने दी थी। किसके आदेश पर 33 हजार विद्युत लाइन वाधित कर तार और पोल हटाए गये? अगर आदेश उपर के अधिकारियों का नही था तो फिर बिना आदेश 33 केवी लाइन हटाना क्या अपराध नहीं है? सवाल मुनासिब है हटाए गए तार–पोल किस स्टोर में जमा हैं?किस स्टॉक रजिस्टर में एंट्री हैं? और किस अधिकारी ने हस्ताक्षर कर रिसीव किया? जानकार कहते है कि बिजली विभाग के पास इन सवालो का जवाब नही है तो यह मामला सीधे तौर पर सरकारी संपत्ति की लूट का मामला है और इसकी जबाबदेही बिजली विभाग के जिम्मेदारो को है। सूत्रों का कहना है कि बिजली विभाग के रिकॉर्ड में यह लाइन आज भी स्वीकृत व चालू दिखाई जा रही है। अगर यह सच है तो सवाल गंभीर है कि क्या फर्जी निरीक्षण रिपोर्ट के सहारे घोटाले को ढका जा रहा है? क्या भुगतान की फाइलें आज भी इसी लाइन के नाम पर चल रही हैं?

# जमीनी विवाद में दबंगों ने चार लोगों को पीटा

ऊँचाहार,रायबरेली ।कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद में दबंगों ने एक ही परिवार के चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया, जिसमें गम्भीर रुप से घायल एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। फरीदपुर मजरे वभनपुर गाँव निवासी अमृतलाल व होरीलाल सगे भाई है, जिनके बीच जमीनी विवाद चल रहा है ।रविवार की देर शाम इसी बात की रंजिश में होरीलाल के परिवार ने अमृतलाल के परिवार पर हमला कर दिया ।घटना में अमृतलाल 46 वर्ष पत्नी सुनीता 43 वर्ष, बहू अंजू 26 वर्ष व बेटी आँचल 16 वर्ष घायल हो गये, एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया ।जिसमें अमृतलाल को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है ।कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है, मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

# सेवा पूरी, सम्मान अधूरा? तदर्थ प्रधानाचार्यो के भविष्य को लेकर सरकार की चुप्पी पर सवाल

कुशीनगर,(आरएनएस)। वर्षों से तदर्थ रूप में सेवाएं दे रहे प्रधानाचार्यों के स्थाईकरण को लेकर उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद निर्णायक लड़ाई लडने के मूड में है। परिषद के प्रान्तीय महामंत्री शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने कहा कि शासन ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो प्रधानाचार्य परिषद आंदोलनात्मक राह अपनाने से भी परहेज नहीं करेगा।उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रान्तीय महामंत्री शैलेन्द्र दत्त शुक्ल कुबेरस्थान स्थित रघुनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे आयोजित प्रधानाचार्य परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तदर्थ प्रधानाचार्यों का स्थाईकरण केवल नियुक्ति का नहीं, बल्कि सम्मान, गरिमा और सेवा–सुरक्षा का प्रश्न है। उन्होंने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष मणि शंकर तिवारी के निर्देश पर 14 जनवरी 2026 को अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा को वार्ता के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला। उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने 31 जनवरी 2026 को दिनेश पांडेय, अशोक द्विवेदी और रघुनाथ सिंह के साथ मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि तदर्थ प्रधानाचार्यों के स्थाईकरण से शासन पर किसी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। इसके बावजूद कई प्रधानाचार्य ऐसे हैं, जो दीर्घ सेवा के बाद सेवानिवृत्ति की दहलीज पर खड़े है।ऐसे में उन्हें पद से हटाना न केवल अमानवीय, बल्कि शैक्षिक गरिमा के भी विरुद्ध होगा। प्रांतीय महामंत्री ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन के कुछ अधिकारी मुख्यमंत्री को वास्तविक तथ्यों से पूरी तरह अवगत नहीं करा रहे हैं। जिससे यह समस्या अनावश्यक रूप से लंबित बनी हुई है।

# सचिव पर आरोप लगा अनशन पर बैठे ग्राम प्रधान, जांच कर कार्रवाई की मांग

कुशीनगर, जनपद के तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत जोगिया सुमाली के ग्राम प्रधान ने सचिव पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए गांव में ही स्थित एएनएम सेंटर पर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अनशन पर बैठ गये है। बताते चले कि तमकुही विकास खंड के जोगिया सुमाली पट्टी गांव के प्रधान रमेश प्रसाद ने अपने ग्राम पंचायत में तैनात सचिव पर कई गम्भीर आरोप लगाते हुए सोमवार को अनशन पर बैठ गये। उन्होंने जिलाधिकारी, विकास खण्ड अधिकारी व एसडीएम सहित कई उच्चाधिकारियों को पत्रंक देकर कहा है कि सचिव द्वारा ग्राम सभा में कराएं गये कार्यों का 40 लाख रुपये का भुगतान नही कर रहे है। कूटरचित तरीके से उनके द्वारा पैंतीस हजार रुपये डीएससी लेकर उनके गैर जानकारी में निकाल लिया गया है ।जबकि 18 माह से ग्राम सभा में विकास कार्य ठप पड़ा हुआ है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को दिए गए पूर्व के शिकायत पत्रों पर कोई कार्यवाही नही हुई और न हीं भुगतान हुआ।

# मेगा व वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर डीएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्य हुआ मंथन

कुशीनगर,(आरएनएस)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आगामी 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा व वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर की तैयारियों के संबंध में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभात सिंह ने जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के साथ विस्तृत मंथन किया। बैठक में मेगा शिविर की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, विभागीय समन्वय एवं सफल आयोजन को लेकर गहन विचार–विमर्श किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि इस शिविर के सफल आयोजन हेतु जनपद के लगभग 40 से अधिक विभागों की सहभागिता होनी है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए समस्त संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत किए जाने का आश्वासन दिया। जिसके क्रम में 11 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि मेगा व वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाएं, बच्चे, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, बेरोजगार युवा, कृषक सहित समाज के विभिन्न वर्गों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। यह मेगा व वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आगामी 22 फरवरी को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर, जनपद कुशीनगर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

# वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत

रायबरेली। बीते रविवार की देर रात बछरावां कस्बे से निमंत्रण से वापस अपने घर जा रहे बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दो गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बांदा बहराइच राजमार्ग पर आर के धर्म काँटा के पास की है। जहां बछरावां की ओर से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे स्थानीय थाना क्षेत्र के जगन्नाथपुर गांव के रहने वाले शिवशंकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उनके साथ बैठे बैंती गांव के रहने वाले दो अन्य युवक पप्पू त्यागी और रोहित साहू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सक ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उनकी हालत को गंभीर देखते उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही गंभीर रूप से घायल रोहित साहू की भी मौत हो गई। शिवगढ़ पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही तीनों युवकों के परिजनों में कोहराम मच हुआ है।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, बुधवार 11 फरवरी 2026
sheelshukla100@gmail.com


# समेकित प्रयास से बाल श्रम उन्मूलन संभव : सीडीओ

## -जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
## -कार्यशाला में दी गई वृहद जानकारी, उन्मूलन की बनाई रूपरेखा

चित्रकूट। शासन के निर्देश के कम में जनपद को दिसम्बर तक बाल श्रम मुक्त जनपद घोषित कराये जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में सोमवार को बाल श्रम उन्मूलन के लिए कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के प्रारम्भ में सर्वप्रथम बाल श्रम उन्मूलन के लिए प्रचार प्रसार करके जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रचार वाहन को मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, जिला विकास अधिकारी, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, स्टेट रिसोर्स पर्सन रिजवान ने हरी झण्डी दिखाकर वाहन को रवाना किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। कार्यशाला में अध्यक्षता करते हुये मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बाल श्रम एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई का सामाज के सभी वर्गों, सभी संस्थाओं के समेकित प्रयास से ही उन्मूलन किया जा सकता है। उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद चित्रकूट में चिन्हित बाल श्रम बाहुल्य क्षेत्रों में बाल श्रमिकों, किशारों के नियोजन के विषय में सर्वेक्षण करने वाली संस्था पूर्ण मनोयोग से निर्धारित समयावधि में सर्वे कार्य करना सुनिश्चत करे। बाल श्रमिकों के माता पिता को भी जागरूक करे कि वह अपने बच्चों को बाल श्रम करने के लिए न भेजे। हॉट स्पाट स्थलों में नियोजित अथवा स्वरोजगार में संलग्न बाल श्रमिकों, किशोरों के सम्बन्ध में उनके माता पिता का नाम, निवास स्थान, परिवार का विवरण अध्ययनरत होने या न होने आदि विवरण एकत्रित कर एक निश्चित प्रारूप में किया जाये। ताकि उनके माता पिता को पात्रता के अनुसार विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से अच्छादित कराये जा सकने के साथ ही ऐसे चिन्हित बच्चों को सुसंगत कक्षा में प्रवेशित कराकर निरन्तर उनकी ट्रैकिंग शिक्षा विभाग के माध्यम से करायी जाये। शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक गाव को चाइल्ड फ्रेंडिली विलेज घोषित कराये जाने के सम्बन्ध में जिला पंचायती राज अधिकारी का सकिय सहयोग लिया जाये तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में तैनात सचिवो, पंचायत सहायकों को नोडल बनाकर ग्राम स्तर पर होने वाली विभिन्न समितियों की बैठक में बाल श्रम उन्मूलन की जागरूकता के बिन्दु पर भी चर्चा किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यशाला में मौजूद स्टेट रिसोर्स पर्सन रिजवान द्वारा अवगत कराया गया कि बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 एवं संशोधित बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 2016 के अनुसार बाल श्रम 14 वर्ष तक पूर्णतः वर्जित है तथा 14 से 18 वर्ष के मध्य अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार निधारित नियम एवं शर्तों पर कार्य करने की अनुमति है। अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार खतरनाक श्रेणी के अन्तर्गत बाल श्रमिक नियोजित पाये जाने पर न्यूनतम छह माह से लेकर दो वर्ष तक के कारावास की सजा या न्यूनतम 20 हजार से लेकर 50 हजार तक का अर्थदण्ड या दोनों से दण्डित करने का प्राविधान है। कार्यक्रम समन्वयक एसोसिएशन फार वालेन्ट्री एक्शन अमरेन्द्र कुमार द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुये व्यापारिक प्रतिष्ठानों में बाल श्रम उन्मूलन विषयक बोर्ड, पम्पलेट लगाये जाने की आवश्यकता बताते हुये पम्पलेट भी उपलब्ध कराये गये। उप्र उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, बृजेश त्रिपाठी प्रतिनिधि बुन्देलखण्ड चेम्बर आफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज चित्रकूट द्वारा बाल श्रम उन्मूलन में सहयोग करने के लिए सक्रिय सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं जनसाहस फाउण्डेशन, जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के प्रतिनिधियों द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

# मेला परिसर में 22 फरवरी को लगेगा मेगा शिविर

चित्रकूट। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार मेगा विधिक सहायता सेवा शिविर के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला के मार्गदर्शन में सोमवार को राजेन्द्र प्रसाद भारती मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास, युवा कल्याण संरक्षण, दिव्यांगजन कल्याण से संबंधित समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने समिति के समस्त सदस्यों को बताया कि राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में 22 को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्री–मेगा शिविर में बताया गया कि मेगा शिविर में समस्त प्रशासनिक विभागों से समन्वय स्थापित कर शासन के अन्तर्गत संचालित समस्त विभागों द्वारा आमजन के हितार्थ चलायी जा रही विभिन्न प्रकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जायेगा। बैठक में समिति के सदस्यों को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक से अधिक प्री–कैम्प आयोजित करते हुये आमजन को लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया।

# टीका पूरी तरह से सुरक्षित, प्रभावी और मुत है : सीएमओ

चित्रकूट। मुख्य चिकित्साधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने जिले के समस्त वास्तुशिल्प, संरचनात्मक एवं नागरिकों से अपील कि है कि वे खसरा रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान में सक्रिय सुरक्षा सुनिश्चित करें। यह अभियान बच्चों को गंभीर एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों से सुरक्षित रखने की योजना बना रहा है।

खसरा मीजल्स, रूबेला के लक्षण खसरे के कारण तेज बुखार, खाँसी, नाक बहना, आँखों में लालिमा और पूरे शरीर पर दाने होते हैं। समय पर उपचार न मिलने पर यह रोग मलेरिया, डायरिया, अँधेरापन और यहाँ तक कि मृत्यु का कारण भी बन सकता है।

# भाकियू का किसान समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन

चित्रकूट। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में किसानों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कलेक्ट्रेट परिसर सोनेपुर में किया। किसानों की समस्याओं पर डीएम पुलकित गर्ग ने संज्ञान लेते हुए पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं को विस्तार से जाना। जिलाध्यक्ष ने डीएम से कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में किसान, आमजन बंदरों एवं वनरोजो के आतंक से परेशान हैं। बुंदेलखंड दलहन तिलहन का क्षेत्र हुआ करता था। आज तिलहन खत्म होता जा रहा है। जिसका सबसे बड़ा कारण बंदर एवं वनरोज है। किसान की चना, अरहर, गेहूं, सब्जियां जैसी मुख्य फैसले बड़े पैमाने में बंदरों, वनरोजो से नष्ट हो रही है। घरों में बच्चों, महिलाओं का भोजन करना मुश्किल हो गया है। गौशालाओं से जानवरों को नहीं छोड़ने की मांग की। जिससे किसान जायद की फसलों को बढ़ावा दे सकें। ओला अतिवृष्टि से हुए किसानों को मुआवजा, देहरुछ उपकेन्द्र विद्युत विभाग गनीवा का मुद्दा छाया रहा। इस पर डीएम ने समस्याओं के निदान का भरोसा दिया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष छेदीलाल सिंह, ओमनारायण गर्ग, युवा बिंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, महामंत्री सिद्धार्थ विक्रम सिंह, जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, शिवदयाल सिंह बघेल, नीलकंठ द्विवेदी, सदर तहसील अध्यक्ष डुप्ले पटेल, अश्विनी कुमार, राजा पटेल, नरेश तिवारी, विनय त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, राजकिशोर सिंह, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# संस्कृत साहित्य का वैश्विक प्रभाव विषय पर हुआ व्याख्यान माला का आयोजन

चित्रकूट। जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग द्वारा संस्.त साहित्य का वैश्विक प्रभाव विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्.त भाषा की वैश्विक महत्ता, उसकी वैज्ञानिकता तथा आधुनिक विश्व में उसकी उपयोगिता को रेखांकित करना था ।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. मदन मोहन झा कुलपति जगद्गुरु रामानन्दाचार्य संस्.त विश्व विद्यालय राजस्थान जयपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्.त केवल भारत की प्राचीन भाषा ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व की सांस्.तिक धरोहर है। आज अमेरिका, यूरोप, जापान, जर्मनी सहित अनेक देशों में संस्.त का अध्ययन अध्यापन हो रहा है। उन्होंने बताया कि योग, आयुर्वेद, दर्शन, भाषा विज्ञान और .त्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में भी संस्.त की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्.त भाषा की संरचना वैज्ञानिक एवं तार्किक है। जिसके कारण इसे कंप्यूटर भाषा के लिए भी उपयुक्त माना गया है। संस्.त के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा विश्वभर में मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रही है ।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय कुलपति जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्व विद्यालय ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नई पीढ़ी को संस्.त से जोड़ना समय की आवश्यकता है। जिससे भारतीय संस्.ति और मूल्यों का संरक्षण हो सके। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. विजय पयासी जयदेव संस्.त महाविद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की समर्चना से हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का सुमधुर गायन संस्.त विभाग के परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र शशि राजभर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संस्.त विभाग की प्रभारी डॉ. प्रमिला मिश्रा कार्यक्रम संयोजिका ने किया। आभार ज्ञापन भाषा संकाय के अधिष्ठाता डॉ. शशिकांत त्रिपाठी ने किया।

# नौ मार्च को होगी मंडलीय पेंशन अदालत

चित्रकूट। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में नौ मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से आयुक्त कार्यालय बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की जायेगी। जिसमें चित्रकूटधाम मण्डल के जनपद चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर व महोबा के समस्त पेंशनरों के लम्बित सेवा नैवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जायेगा। जनपद चित्रकूट के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं बेसिक शिक्षा परिषद् के अन्तर्गत प्राईमरी एवं जूनियर हाईस्कूल के सेवानिवृत्त कार्मिकों, अध्यापकों व उनके आश्रितों के लम्बित सेवानैवृतिक लाभों यथा पेंशन, उपादान, पेंशन पुनरीक्षण आदि से ही सम्बन्धित वाद पत्र, प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में कार्यालय अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन चित्रकूटधाम मण्डल बांदा में पंजी.त डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से 16 फरवरी को सायं 4 बजे तक प्राप्त कराये जा सकते है। इस तिथि के बाद कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। प्रत्यावेदन की एक प्रति सम्बन्धित कार्यालयध्यक्ष को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराते हुये प्राप्ति रसीद प्राप्त कर लें।

# बौद्धिक, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव के दूसरे दिन परिसर में उत्साह, ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर दिखाई दिया। इस अवसर पर निबंध, भाषण, एकल एवं समूह गायन, बैडमिंटन तथा एथलेटिक्स आदि विविध बौद्धिक, सांस्.तिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनमें बड़ी संख्या में छात्र, छात्राओं ने सहभागिता कर अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया ।कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से सृजित इस महोत्सव के कार्यक्रमो का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभा की पहचान कर उन्हें उपयुक्त मंच प्रदान करना है। इसी उद्देश्य के अनुरूप विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खेल मैदान में आयोजित बैडमिंटन की अंतर्संकायी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला .षि संकाय एवं अभियांत्रिकी संकाय के मध्य संपन्न हुआ। खोल प्रतियोगिताओ का संयोजन कर रहे डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बैडमिंटन प्रतियोगिता में मनीषा द्विवेदी विजेता जबकि शीतला चौहान उपविजेता रहीं। दूसरे दिन एथलेटिक्स और कबड्डी प्रतियोगिता भी हुई। खिलाड़ियों के अनुशासन, खेल भावना और प्रदर्शन की सभी ने सराहना की ।विवेकानंद सभागार में आयोजित एकल एवं समूह गायन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस सांस्.तिक कार्यक्रम का संयोजन डॉ. विवेक फड़नीस ने किया। प्रस्तुत गीतों में देशभक्ति, लोक संस्.ति एवं शास्त्रीय संगीत की झलक देखने को मिली। कला भवन में आयोजित बौद्धिक प्रतियोगिताओं की श्रृंखला के अंतर्गत ग्रामोदय से राष्ट्रोदय विषय पर निबंध प्रतियोगिता संपन्न हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति संभावनाएं और चुनौतिया विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं का संयोजन प्रो. ललित कुमार सिंह ने किया।

# पुलिस ने पैदल गश्त कर सुरक्षा का दिया भरोसा

चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सु.ढ़ बनाये रखने को थाना, चौकी प्रभारियों ने क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया। पुलिस टीमों ने दुकानदारों, व्यापारियों एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का भरोसा दिया। पुलिस टीम ने सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों, होटल, ढाबा एवं दो, चार पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

# मीरजापुर का गजब का सरकारी आफिस, जहां एडवांस में लिखा रहता है शिकायत पत्र

## ’भ्रष्ट सचिव को नेताओं के दबाव में बचा रहा एआर, नहीं कर रहा कोई कार्रवाई
## ’नियम के विरुद्ध गांव के समिति में नियुक्त हैं सचिव

मीरजापुर। जिले में गजब का सरकारी ऑफिस हैं जहां एडवांस में पत्र लिखा रहता है। जिले के सहकारिता विभाग के ऑफिस में शिकायत के पहले ही पत्र तैयार रहता है। एक आदेश पत्र है जो शिकायत करने के 27 दिन पहले जारी हो गया है। एक नोटिस का पत्र है जो शिकायत करने के एक दिन पहले जारी किया गया है। दोनों पत्रों में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अधिकारी अमित कुमार पांडेय का हस्ताक्षर है। पत्र में विभाग खुद बता रहा शिकायतकर्ताओं का तारीख। इसके बावजूद आंख बंद कर एआर साहब हस्ताक्षर कर दे रहे है। दोनों पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। जिले के बी.पैक्स रामपुर खोमर मैना समिति में नियुक्त सचिव के खिलाफ समिति के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आरोप लगाया है कि सचिव की नियुक्ति अवैध और विधि विरुद्ध किया गया है। गांव में नियुक्ति होने से किसानों को सरकारी दाम से अधिक दाम में खाद बेचना बिचौलियों से रात में धान उतरवाने का विडियो वायरल होने पर एसडीएम लालगंज ने स्थानांतरण करने का आदेश दिया था, इसके बावजूद भी इस भ्रष्ट सचिव पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सचिव गांव में नियुक्त होने से राजनीति अलग से कर रहा है। स्थानांतरण न होने से किसानों में आक्रोश है। जनपद का बी. पैक्स रामपुर खोमर मैना समिति लालगंज इस वक्त सुर्खियों में है। गांव की समिति में सचिव की नियुक्ति होने पर किसानों में आक्रोश हैघ। किसानों ने समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल शिकायत की है। ओम प्रकाश पटेल ने किसानों की बात को लेकर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को प्रार्थना पत्र देखकर आरोप लगाया है कि अवैध और नियम के विरुद्ध सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अधिकारी ने नियुक्ति की है। गांव में नियुक्ति होने के कारण बिना अधिकारियों के डरे किसानों को सरकारी दाम से अधिक दाम पर खाद बेचा जा रहा हैं सचिव। किसानों से 10 रुपये प्रति बोरी अधिक सचिव ले रहा है। किसानों के विरोध करने पर सचिव अपने कार्यकाल से बाहर निकलने का धमकी दे रहा है। वीडियो बनता देख सचिव कुर्सी छोड़कर खिसक गया। सचिव और किसानों के बीच हो रहे वार्ता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। किसानों का आरोप हैं कि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अधिकारी और इनके कार्यालय के कर्मचारियों के मिली भगत से सचिव ले रहा है। खाद के साथ ही धान में भी सचिव रणजीत सिंह कालाबाजारी करता है। क्रय केंद्र बंद होने पर किसानों के जगह रात में व्यापारियों से धान उतरवाता हैं जिसका वीडियो किसानों ने बना कर वायरल किया था। वीडियो वायरल होने के बाद भी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अधिकारी सचिव को बचाने में जुटे हैं।

# श्रम विभाग फर्जी लाभार्थियों पर डीएम ने एफआईआर दर्ज कराने का दिया निर्देश

## ’करणी सेना के पत्र पर डीएम का सख्त रुखद, कूट रचित दस्तावेज लगाकर लिया गया था लाभ
## ’बिचौलियों से लेकर विभागीय संलिप्तता का आरोप

मीरजापुर। जिलाधिकारी ने श्रम विभाग के भ्रष्टाचार मामले में करणी सेना के पत्र का संज्ञान लेते हुए सहायक श्रम आयुक्त सतीश सिंह व थानाध्यक्ष विंध्याचल को स्थानीय गोपालपुर प्रकरण पर मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। सोमवार को
करणी सेना जिलाध्यक्ष दिलीप सिंह गहरवार ने बताया कि, श्रम विभाग में 2021 से अब तक लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है। करणी सेना ने भ्रष्टाचार मुद्दे को वरीयता देते हुए जिलाधिकारी को पत्रक देकर श्रम विभाग में अधिकारियों–कर्मचारियों की मिली भगत से तथा जान बूझकर अपात्रों को दिए गए हितलाभ पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की लगातार मांग की जाती रही है। उन्होंने योजना में भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिना विवाह के कन्या विवाह योजना तथा बिना प्रसव यानी कि बिना बच्चा जन्मे, कूट रचित दस्तावेज के सहारे मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना का बड़े पैमाने पर 2021 में लाभ दिया गया है। पहली जांच में 85 प्रतिशत फर्जी आवेदक पाए गए हैं, जो अपराध की गंभीरता को दर्शाता है। विंध्याचल के गोपालपुर में भी बिचौलिए की मदद से बंदर बाट की गई थी, जिसमें सभी दोषियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की गई थी। आज जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एएलसी व थानाध्यक्ष विंध्याचल से तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर अवगत कराने का निर्देश दिया है, यह सच्चाई की जीत है। ज्ञात हो कि, इस संबंध में इसके पूर्व मंगल तिवारी ने श्रमिकों के हित में अपनी आवाज उठाई थी और अब नतीजा सामने आ रहा है। आज वे यूनियन के माध्यम से मजदूरों की आवाज बने हुए हैं। 105 आवेदनों की जांच में जो लगभग 90 आवेदन फर्जी पाए गए हैं और विभाग ने वसूली की नोटिस जारी की है ये उसी का परिणाम है। इस विषय पर मंगल तिवारी कहते हैं कि उनके द्वारा जो पूर्व में भ्रष्टाचार को लेकर श्रमिक हित में अपात्रों की जगह पात्रों को लाभ मिलने सहित फर्जी मामले के जांच की आवाज उठाई गई थी उसी क्रम में 1072 आवेदनों की जांच में पहले चार और जून 2025 में 90 फर्जी मिले है। इसके लिए जिलाधिकारी से लेकर शासन तक पत्र लिखा गया था ।90 खाता धारकों से वसूली की नोटिस जारी है, लेकिन विभाग अभी भी संदिग्ध आवेदनों पर जान बूझकर बिना अनुमति के भुगतान कर रहा है जो एक गंभीर विषय है। विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ने पात्र श्रमिकों की जगह अपात्र लोगों का चयन किया फिर उनके खाते में योजना का पैसा भी भिजवाया है जो अत्यंत गंभीर विषय है।

# क्राइम ब्रान्च टीम ने दहेज के वांछित को पकड़ा

चित्रकूट। अपर एसपी सत्यपाल सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने को अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में क्राइब ब्रान्च की पुलिस टीम ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना तथा फेसबुक पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी को गिरतार किया है ।ज्ञात हो कि 29 मई 2025 को न्यायालय मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर वादिया पूनम साहू पुत्री कमला प्रसाद साहू पत्नी रामबाबू साहू निवासी गोखिया रोड अतर्रा हाल निवासी गोसाईं पुरवा पराको राजापुर तहरीरी सूचना पति व ससुरालीजनों द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करना, आग से जलाकर जान से मारने की कोशिश, मारपीट, गालीगलौज तथा पति द्वारा फेसबुक पोस्ट पर अभद्र शब्दों का प्रयोग कर अपमानित पस थाना राजापुर में रामबाबू साहू पुत्र श्यामलाल साहू, श्यामलाल साहू पुत्र अज्ञात, मोहनलाल साहू पुत्र श्यामलाल साहू, सारिका साहू पत्नी मोहनलाल साहू निवासीगण ग्राम गोखिया रोड के खिलाफ पंजी.त किया गया था। आठ फरवरी को क्राइब ब्रान्च की पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर रामबाबू साहू को गिरतार किया है।

# दिव्यांग दंपत्ति का रोका रास्ता, मना करने पर जान से मारने की मिली धमकी

मीरजापुर। एक तरफ सरकार जहां आमजनों को सुलभ रास्ता मुहैया कराने के लिए सार्वजनिक रास्ता से लेकर गली सड़क के चौड़ीकरण कार्य को बढ़ावा दे रही है वहीं कुछ लोग आज भी अपने रसूख के बल पर रास्ता रोककर अमन–चौन बिगाड़ने हुए शांति व्यवस्था में खलल डालने का कार्य करते आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला नगर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरौधा का सामने आया है जहां के रहने वाले कृष्ण दूबे व उनकी पत्नी दोनों शारीरिक रूप से विकलांग है। जिनके विपक्षी रमाकांत, उमाकांत, श्रीकांत एवं शिवकांत उनके रास्ते को रोककर अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। बताया गया है कि कृष्ण दूबे के घर के सामने स्थित लगभग 8 फीट चौड़ा रास्ता है। जिसका उपयोग सैकड़ों ग्रामीण करते हैं। आरोप है कि विपक्षी इस सार्वजनिक रास्ते पर जबरन कब्जा कर रहे हैं और आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया है। जब पीड़ित दंपत्ति ने रास्ता रोकने का विरोध किया, तो आरोपी वकील और उसके भाइयों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मीरजापुर के जिलाधिकारी कार्यालय में एक पत्रक सौंपा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि तत्काल राजस्व टीम को मौके पर भेजकर पैमाइश कराई जाए और दबंग वकील के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए बंद रास्ते को खुलवाया जाए।

# 10 अप्रैल तक होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

चित्रकूट। अपर जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र शेखर ने जन सामान्य को सूचित किया है कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण आलेख प्रकाशन से संबंधित सम्प्रति चल रहे कार्यक्रम की तिथियों को आयोग द्वारा घोषित किया गया है। जिसमें दावे एवं आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 6 जनवरी से 6 मार्च तक, सूचना चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय तथा दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 27 मार्च तक, स्वास्थ्य मापदंडों की जांच 3 अप्रैल तक, मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल तक है।

# अखिल भारतीय मानवाधिकार समिति के जिला सचिव बने अनिल

मीरजापुरध्सोनभद्र। अखिल भारतीय मानवाधिकार समिति ने संगठन को विस्तार देने के क्रम में मीरजापुर जिला सचिव एवं सोनभद्र जिले में जिलाध्यक्ष की नियुक्त करते हुए संगठन विस्तार की अपेक्षा की है।

समिति ने मीरजापुर जिले के मड़िहान तहसील क्षेत्र के बेदौली, कलवारी माफी निवासी पत्रकार अनिल कुमार को जिला सचिव मनोनीत किया है। आदिवासी बहुल क्षेत्र से आने वाले अनिल कुमार ने अपने मनोनयन पर समिति के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा है कि वह मानव अधिकारों के रक्षा के साथ समाज के दबे–कुचले वंचित शोषित पीड़ित लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इसी प्रकार सोनभद्र जनपद ईकाई के तौर पर सोनभद्र जिले के ग्राम ढोलो परसौना निवासी राजेन्द्र जी को अखिल भारतीय मानवाधिकार समिति का जिलाध्यक्ष सोनभद्र मनोनित किया गया है। अपने मनोनयन पर उन्होंने कहा है कि सोनभद्र जनपद के उपेक्षित पीड़ित लोगों के हक अधिकार के लिए आवाज उठाते हुए उन्हें सुलभ न्याय दिलाने की दिशा में वह तत्पर रहेंगे।

# बाइक में साड़ी फंसने से एएनएम की गई जान, खबर होते ही महकमे में मचा हड़कंप

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत मलेट्री कंपाउंड के सामने सोमवार दोपहर बाद मीरजापुर की तरफ से लालगंज आते समय बाइक में साड़ी फंसने से बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक में पीछे बैठी एएनएम कर्मचारी की सिर में गंभीर चोट लग गई। मौके पर पहुंचे समाजसेवी नवीन तिवारी ने अपने वाहन से घायल कर्मचारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया जहां पर चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में तैनात एएनएम 55 वर्षीय आशा पटेल अपने पुत्र सौरभ पटेल के साथ मिर्जापुर से लालगंज की तरफ बाइक से आ रही थी की बाइक में साड़ी फंस गई जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। बाइक सड़क पर गिरने से एएनएम के सिर में गंभीर चोट लग गई। जिससे एएनएम की मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया की अधिक रक्त स्राव होने की वजह से मौत हो गई।

# छात्रावास के लिए 20 फरवरी तक करें आवेदन

चित्रकूट। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग से संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास मऊ के प्रवेश सत्र 2025–26 में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछडा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं विकलांग छात्रों को वरीयता के अनुसार आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूर्व में आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जिसके द्वारा प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात 18 छात्रों के लिए सीटे अभी छात्रावास में रिक्त हैं। जिसमें 14 सीटें अनुसूचित जाति, जनजाति एवं 4 सीटें अन्य पिछडा वर्ग, सामान्य वर्ग के लिए शेष हैं। छात्रावास में आवास के लिए इच्छुक छात्र बेवसाइट में आवेदन कर हार्ड कॉपी सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित कराते हुए समस्त संलग्नक सहित छात्रावास के कार्यालय में 20 फरवरी तक किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते हैं।

# पाकिस्तान के यू-टर्न के बाद सौरव गांगुली का बड़ा बयान, टी 20 विश्व कप में भारत से जीतना मुश्किल

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने आगामी टी20 विश्व कप में भारत–पाकिस्तान मुकाबले के लिए भारतीय टीम का समर्थन किया है, उनका मानना है कि मजबूत भारतीय टीम को हराना पाकिस्तान के लिए आसान नहीं होगा। यह बयान पाकिस्तान सरकार द्वारा अपनी टीम को पहले बहिष्कार की धमकी के बाद भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने के फैसले के बाद आया है।भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने 15 फरवरी को कोलंबो में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले बहुप्रतीक्षित मुकाबले के लिए अपनी उत्सुकता व्यक्त की और भारतीय टीम के अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के नाम भी बताए। पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के मैच पर प्रतिक्रिया देते हुए गांगुली ने कहा कि यह विश्व कप का एक बड़ा मुकाबला होगा। मैच 15 फरवरी को है, पाकिस्तान के लिए भारत को हराना आसान नहीं होगा। भारत एक बहुत अच्छी टीम है।बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष की यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार द्वारा सोमवार को दिए गए निर्देश के बाद आई है, जिसमें उन्होंने अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में मौजूदा चौंपियन भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले मैच के लिए मैदान में उतरने का निर्देश दिया था। पाकिस्तान सरकार द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीसीबी, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच हुई उच्च स्तरीय वार्ता के परिणामों से अवगत कराया, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया।गौरतलब है कि पाकिस्तान ने पहले बांग्लादेश के समर्थन में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ समूह चरण के विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला किया था। बांग्लादेश को आईसीसी द्वारा सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत से बाहर मैच आयोजित करने के अनुरोधा को अस्वीकार करने के बाद टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से भी चुनौतीपूर्ण समय में देश के समर्थन पर चर्चा की। आईसीसी और अन्य देशों के साथ चर्चा के बाद, पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने का निर्देश दिया है। आईसीसी ने रविवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पीसीबी और बीसीबी के साथ बैठक की, जिसमें कोलंबो में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 मैच के पाकिस्तान के बहिष्कार के फैसले पर चर्चा की गई। इसके बाद, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने सोमवार को पाकिस्तान से 15 फरवरी को भारत के खिलाफ आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मैच खेलने का आग्रह किया।

# इंग्लैंड सबसे बड़े उलटफेर से बचा, श्रीलंका-न्यूजीलैंड ने भी जीत के साथ किया आगाज

नईदिल्ली, टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा दिन भी पहले दिन की तरह काफी ज्यादा रोमांच से भरा रहा. जहां पहले मैच में न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ा रन चेज करके जीत दर्ज की, तो वहीं दूसरे मैच में इंग्लैंड की टीम नेपाल जैसी टीम से हारने से बाल बाल बचा. जबकि तीसरे मैच में मेजबान श्रीलंका ने आयरलैंड को मात देकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की है.न्यूजीलैंड ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ग्रुप डी के अपने पहले मैच में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया. कीवी टीम ने अफगानिस्तान के 183 रनों के विशाल टारगेट को 13 गेंदें बाकी रहते ही हासिल कर लिया. इसके साथ उन्होंने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ा सफल चेज का रिकॉर्ड भी बना दिया. इससे पहले ये रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम था, जिन्होंने एशिया कप 2022 के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ 176 रन चेज किया था.मैच में टिम सेफर्ट ने 42 गेंदों में 7 चौके और तीन छक्कों की मदद से 65 रनों की पारी खेली, जिसकी वजह से उनको प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. इसके अलावा ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंद में 42, चौपमैन ने 17 में 28, डेरिल मिशेल 14 में 25 और कप्तान सेंटनर 8 गेंद 17 रन बनाकर मैच को जीता दिया. वहीं अफगानिस्तान की तरफ से गुरबाज ने 22 में 27 और गुलबदिन नायब 35 में 63 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन ये उनकी टीम को मैच जीतने के लिए काफी नहीं था.दिन का दूसरा मैच ग्रुप सी के दो बार की वर्ल्ड चौंपियन इंग्लैंड और नेपाल के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया. जिसमें इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाने में सफल रहा. लेकिन वो इस मैच को किसी तरह से केवल 4 रन से ही जीतने में सफल हो पाया. क्योंकि नेपाल आखिरी 7 गेंद में 10 रन नहीं बना सका. वो 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 180 रन ही बना पाए.कप्तान रोहित पौडेल के 34 में 39, दीपेंद्र सिंह 29 में 44 और आखिर में लोकेश बम के 20 में 39 रनों की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत नेपाल टी20 वर्ल्ड कप में अपनी पहली जीत दर्ज करने के करीब पहुंच गया. हालांकि, सैम करन ने शानदार आखिरी ओवर फेंका, 10 रन बचाकर इंग्लैंड को एक रोमांचक मुकाबले में जीत दिलाई. ऑलराउंडर विल जैक्स ने इंग्लैंड को एक मजबूत फिनिश दिया, उन्होंने सिर्फ 18 गेंदों में 39 रन बनाए, उसके बाद 2 ओवर में 17 रन देकर एक विकेट भी लिए. जिसकी वजह से उनको प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया. दिन का तीसरा मैच टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मेबान श्रीलंका और आयरलैंड के बीच खेला गया. जिसमें मेजबान टीम ने कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आयरलैंड को 20 रनों से हरा दिया. टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए, श्रीलंका एक समय 87ध4 पर संघर्ष कर रहा था, जिसमें बीच के ओवरों में एक भी बाउंड्री नहीं लगी थी, लेकिन कामिंदु मेंडिस की सिर्फ 19 गेंदों पर 44 रनों की तूफानी पारी और कुसल मेंडिस की 43 गेंदों पर नाबाद 56 रनों की पारी ने उन्हें 163ध6 के अच्छे स्कोर तक पहुंचाया. कामिंदु मेंडिस को उनकी तेज पारी खेलने की वजह से प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया.।

# न्यूजीलैंड की टी20 वर्ल्ड कप में धमाकेदार शुरुआत, अफगानिस्तान के खिलाफ किया सबसे बड़ा रन चेज

नईदिल्ली,। न्यूजीलैंड ने चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ग्रुप डी के मैच में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया और 183 रनों के विशाल टारगेट को 13 गेंदें बाकी रहते ही हासिल कर लिया. इसके साथ उन्होंने टी20आई क्रिकेट में अफगानिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ा सफल चेज का रिकॉर्ड भी बना दिया. इससे पहले ये रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम था, जिन्होंने एशिया कप 2022 के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ 176 रन चेज किया था. टिम सेफर्ट ने 42 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 65 रन और ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंद में 42 रनों की तूफानी पारी खेली, जबकि लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट लिए. पिच पारंपरिक चेपॉक पिच जैसी नहीं थी जहां स्पिनर अच्छा प्रदर्शन करते थे, लेकिन पिच ने तेज गेंदबाजों को भी कुछ मदद दी.न्यूजीलैंड ने पारी की शुरुआत में ही दो विकेट गंवा दिए और स्कोर 14ध2 हो गया. हालांकि, सेफर्ट ने एक छोर से मोर्चा संभाला और सिर्फ 42 गेंदों में 65 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया. उन्होंने ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी की. ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंदों में 42 रनों की पारी खेली. दोनों ने मिलकर टीम को विरोधी टीम पर शानदार जीत दिलाने में मदद की. गुलबदीन



नैब अफगान टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जिन्होंने सिर्फ 35 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाए. सेदिकुल्लाह अटल ने 29 रनों की पारी खेली जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज ने 27 रनों का योगदान दिया. लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट लिए और अपनी तेज गति से विरोधी बल्लेबाजों को परेशान किया. मैट हेनरी, जैकब डफी और रचिन रवींद्र ने एक–एक विकेट लिया. इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने ग्रुप ष्ठ में टॉप पोजिशन हासिल कर ली है. इस ग्रुप में अफगानिस्तान, साउथ अफ्रीका, कनाडा और यूएई जैसी टीमें भी हैं.

# सोना-चांदी की कीमतों में आई गिरावट

वैश्विक बाजारों में कमजोरी और कारोबारियों की मुनाफावसूली के चलते मंगलवार को वायदा बाजार में सोने–चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। एमसीएक्स पर चांदी 2: से अधिक टूटकर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई, जबकि सोना भी फिसलकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच कारोबारियों की मुनाफावसूली से वायदा बाजार में सोने व चांदी के भाव में मंगलवार को गिरावट आई। चांदी दो प्रतिशत टूटकर 2.57 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर जबकि सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। सोना–चांदी की कीमतों में आई गिरावट मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी के अनुबंध की कीमत 5,422 रुपये या 2.06 प्रतिशत टूटकर 2,57,198 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। सोमवार को इसका बंद भाव 2,62,620 रुपये प्रति किलोग्राम था।सोने के वायदा भाव में भी बिकवाली का दबाव देखने को मिला। अप्रैल आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 677 रुपये या 0.43 प्रतिशत घटकर 1,57,389 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। कॉमेक्स पर मार्च में आपूर्ति वाले चांदी का वायदा भाव 1.20 प्रतिशत टूटकर 81.25 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। सोमवार को इसकी कीमत 82.23 डॉलर इससे दो दिन की बढ़त का सिलसिला टूटा जबकि हाल के हफ्तों में ऐतिहासिक गिरावट के बाद कीमती धातुओं के बाजार में अस्थिरता बनी रही।'' वहीं



पिछले सत्र में सोने का बंद भाव 1,58,066 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर ने भी बाजार की धारणा पर दबाव डाला तथा घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों को आगे बढ़ने से रोक दिया।अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रति औंस पर बंद हुई थी।इंडसइंड सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा, '' व्यापारियों के मुनाफावसूली करने से मंगलवार को चांदी की कीमत 82 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गई। कॉमेक्स पर सोने के अप्रैल में आपूर्ति वाले अनुबंध का वायदा भाव 24.19 डॉलर या 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,055.21 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। पिछले बाजार सत्र में यह 5,079.4 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ था।

# आलराउंड धमाल, नीदरलैंड्स ने नामीबिया को 7 विकेट से रौंदा

टी20 विश्व कप 2026 में बास डी लीड के असाधारण ऑलराउंड प्रदर्शन (2ध20 और 72′ रन) ने नीदरलैंड्स को नामीबिया पर 7 विकेट से एकतरफा जीत दिलाई। दिल्ली में खेले गए इस मैच में डी लीड ने पहले गेंदबाजी से नामीबिया को 156 रनों पर रोका और फिर अपनी तूफानी पारी से 12 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।मंगलवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के 10वें मैच में, बास डी लीडे के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड्स ने नामीबिया पर सात विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान से पहले मैच में मिली करीबी हार के बाद, नीदरलैंड्स ने नामीबिया पर शानदार जीत के साथ टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों पर फिर से सवार हो गया। इस जीत के सूत्रधार बास डी लीडे रहे, जो नीदरलैंड्स के लिए बल्ले और गेंद दोनों से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी साबित हुए। उन्होंने गेंद से नामीबिया को ध्वस्त कर दिया (3 ओवर में 2ध20) और फिर पांच चौकों और चार छक्कों सहित 48 गेंदों पर शानदार नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर नीदरलैंड्स को लक्ष्य



के करीब पहुंचाया।पहले फील्डिंग करने का विकल्प चुनते हुए, डच गेंदबाजों को तुरंत सफलता मिली क्योंकि आर्यन दत्त (3 ओवर में 1ध13) ने नामीबिया के सलामी बल्लेबाज लॉरेन स्टीनकैंप को जल्दी आउट कर दिया। पावरप्ले में नामीबिया को लय हासिल करने में काफी संघर्ष करना पड़ा और 6 ओवर के बाद उसका स्कोर मात्र 40ध1 रहा। जान निकोल लॉफ्टी–ईटन (38 गेंदों में 42 रन) और जान फ्रायलिंक (26 गेंदों में 30 रन) ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन नीदरलैंड की अनुशासित गेंदबाजी ने रन रेट को नियंत्रण में रखा।मध्य ओवर बास डी लीड और लोगान वैन बीक (3 ओवर में 2ध13) के नाम रहे, जिन्होंने मिलकर चार विकेट लिए। डी लीड ने खतरनाक गेरहार्ड इरास्मस और जेजे स्मिट को आउट किया। नामीबिया अंततः 20 ओवर में 156ध8 के प्रतिस्पर्धी लेकिन कम स्कोर पर समाप्त हुआ। मैक्स ओश्डॉउड के बर्नार्ड स्कोल्ट्ज के हाथों जल्दी आउट होने के बावजूद, डच टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। माइकल लेविट (15 गेंदों में 28 रन) ने जल्दी बल्लेबाजी करते हुए आउट हो गए, जिससे नीदरलैंड्स का स्कोर छह ओवरों में 50ध2 हो गया।इसके बाद, बास डी लीड का जलवा रहा। कॉलिन एकरमैन (28 गेंदों में 32 रन) के साथ साझेदारी करते हुए, डी लीड ने संयम से पारी को संभाला और फिर तेजी से रन बनाने लगे। उन्होंने मात्र 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

# टी-20 विश्व कप 2026 स्काटलैंड ने इटली को हराया, ये बने रिकार्ड्स

नईदिल्ली,। टी–20 विश्व कप 2026 के 7वें मैच में स्कॉटलैंड क्रिकेट टीम ने इटली क्रिकेट टीम को 73 रन से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की। ईडन गार्डन स्टेडियम में हुए मुकाबले में स्कॉटलैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 207ध4 का स्कोर बनाया। जवाब में इटली की टीम 16.4 ओवर में 134 रन बनाकर सिमट गई। स्कॉटलैंड की यह इस टूर्नामेंट में पहली जीत है। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर एक नजर डालते हैं।टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुन्से (84) और माइकल जोन्स (37) ने शतकीय साझेदारी करते हुए उम्दा शुरुआत दिलाई। इसके बाद ब्रैंडन मैकमुलन ने 18 गेंदों में नाबाद 41 रन बनाते हुए टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। जवाब में जस्टिन मोस्का (0) और एंथनी मोस्का (13) जल्दी आउट हुए।



खराब शुरुआत के बाद संकट की घड़ी में हैरी मैनेंटी (37) और बेन मैनेंटी (52) ने संघर्ष किया, लेकिन जीत नहीं दिला सके।जॉर्ज मुन्से ने अपने टी–20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 14वां अर्धशतक लगाया। वह 54 गेंदों में 13 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच वह टी–20 अंतरराष्ट्रीय में स्कॉटलैंड से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उनके अब 83 मैचों की 81 पारियों में 31.64 की औसत और 144.44 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,405 रन बनाए। उन्होंने रनों के मामले में रिची बेरिंगटन (2,392) को पीछे छोड़ा।स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर माइकल लीस्क ने गेंदबाजी में बेहतरीन प्रदर्शन किया। दाएं हाथ के इस ऑफ स्पिनर ने अपने 4 ओवर में 17 रन देते हुए 4 विकेट लिए, जिसके लिए उन्हें श्प्लेयर ऑफ द मैचश चुना गया। यह उनके टी–20 अंतरराष्ट्रीय का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन हो गया। उनके अब 76 टी–20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 20.65 की औसत से 55 विकेट हैं। वह टी–20 विश्व कप के एक मैच में 4 विकेट लेने वाले स्कॉटलैंड के सिर्फ दूसरे गेंदबाज बने।लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली ने जब 40 रन के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खोया, तब बेन मैनेंटी क्रीज पर आए। उन्होंने अपने टी–20 अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक लगाया। वह टी–20 विश्व कप के इतिहास में इटली की ओर से अर्धशतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मैच में 31 गेंदों में 52 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 5 चौके और 1 छक्का लगाया।ग्रुप–सी में मौजूद स्कॉटलैंड की यह 2 मैचों में पहली जीत है। अंक तालिका में स्कॉटलैंड की टीम फिलहाल दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वेस्टइंडीज की टीम इस ग्रुप से शीर्ष पर मौजूद है।

# टी20 में सबसे ज्यादा शून्य पर आउट होने का अनचाहा रिकार्ड श्रीलंकाई कप्तान के नाम

कोलंबो,। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने एक अनचाहा रिकॉर्ड बनाया, जब वह रविवार को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप में आयरलैंड के खिलाफ मैच में डक पर आउट हो गए. वह टी20 इंटरनेशनल में सबसे जयादा बार डक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं.शनाका पहली ही गेंद पर डक पर आउट हो गए, जब उन्होंने ऑफ साइड पर जांघ की ऊंचाई वाली फुल टॉस गेंद पर शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन बड़ा छक्का लगाने की उनकी कोशिश नाकाम रही और गेंद बल्ले के किनारे से लगकर शॉर्ट थर्ड मैन पर खड़े मार्क अडायर के पास चली गई, जिन्होंने शानदार कैच लपक लिया. यह 34 वर्षीय शनाका का 113 टी20 इंटरनेशनल पारियों में 16वां जोरो था, इस तरह उन्होंने रवांडा के जैपी बिमेनिमाना का अनचाहा रिकॉर्ड तोड़ दिया, जो 62 मैचों में 15 बार डक पर आउट हो चुके हैं.इस तरह शनाका के नाम टी20आई फॉर्मेट में सबसे ज्यादा बार डक हो गया है, जबकि आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग 158 मैचों में 14 डक के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि थाईलैंड के सी. चौटफाइसन 52 मैचों में 13 जोरो के साथ चौथे स्थान पर हैं. वहीं टेस्ट खेलने वाले देशों में, बांग्लादेश के सौम्य सरकार 13 जीरो के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं.हालांकि शनाका के जीरो पर आउट होने के बावजूद श्रीलंका ने कुसल मेंडिस के नाबाद 56 और कामिंदू मेंडिस के महत्वपूर्ण 44 रनों की बदौलत टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में आयरलैंड के खिलाफ 20 ओवर में 163ध6 का स्कोर बनाने में सफल रहा. उसके बाद उनके स्पिनरों ने शानदरा गेंदबाजी करके आयरलैंड को 143 पर ऑलआउट कर दिया, जिसके साथ वो 20 रनों से मैच को अपने नाम कर लिया.

# खत्म हुआ गतिरोध! 15 फरवरी को होगा भारत और पाकिस्तान का मैच, मोहसिन नकवी ने बहिष्कार का फैसला वापिस लिया

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच कोलंबो में 15 फरवरी को होना है। पाकिस्तान सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा बहुपक्षीय बातचीत के नतीजों और दोस्त देशों के अनुरोध के बाद पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को निर्देश देती है कि वह 15 फरवरी को आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप का निधारित मैच खेलने मैदान पर उतरे।क्रिकेट जगत के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित टी20 विश्व कप मैच अब अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होगा। पाकिस्तान सरकार ने बांग्लादेश और श्रीलंका के कूटनीतिक हस्तक्षेप और समझाने के बाद मैच के बहिष्कार का अपना फैसला वापस ले लिया है और इसके साथ ही टूर्नामेंट में जारी गतिरोध भी खत्म हो गया है।भारत और पाकिस्तान के बीच मैच कोलंबो में 15 फरवरी को होना है। पाकिस्तान सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' बहुपक्षीय बातचीत के नतीजों और दोस्त देशों के अनुरोध के बाद पाकिस्तान सरकार पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को निर्देश देती है कि वह 15 फरवरी 2026 को आईसीसी पुरूष टी20 विश्व कप का अपना निर्धारित मैच खेलने मैदान पर उतरे।'' बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने इससे पहले जारी एक बयान में पाकिस्तान से क्रिकेट के हित में यह मैच खेलने का अनुरोध किया था। इसके बाद ही स्पष्ट हो गया था कि पाकिस्तान यह मैच खेलेगा। पाकिस्तान सरकार के बयान में कहा गया ,'' यह फैसला क्रिकेट की भावना की रक्षा और सभी प्रतिभागी देशों में इस वैश्विक खेल की निरंतरता का समर्थन करने के मकसद से लिया गया है।''पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को श्रीलंका से राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके का भी फोन आया था जिन्होंने उनसे बहिष्कार का फैसला वापिस लेने का अनुरोधा किया था। इसमें कहा गया ,''श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री से मौजूदा गतिरोध को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए गंभीरता से विचार करने का अनुरोध किया था।''सरकार का बयान आने से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने शरीफ को आईसीसी से रविवार को हुई उनकी और इस्लाम की बातचीत का ब्यौरा दिया। नकवी ने इससे पहले कहा था कि अंतिम फैसला आने में एक दिन लगेगा। उन्होंने कहा था ,'' बांग्लादेश सही था लिहाजा हमे उसका साथ देना ही था।'' भारत में सुरक्षा कारणों से खेलने से इनकार के बाद बांग्लादेश को विश्व कप से बाहर कर दिया गया था। बीसीबी प्रमुख इस्लाम ने ढाका में जारी बयान में पाकिस्तान को धन्यवाद दिया लेकिन यह भी कहा कि भारत के खिलाफ इस मैच को खेलना क्रिकेट के हित में है।उन्होंने एक बयान में कहा ,'' इस समय में बांग्लादेश के साथ खड़े होने के लिये हम पाकिस्तान के शुक्रगुजार हैं। यह भाईचारा बना रहे।'' उन्होंने कहा ,'' पाकिस्तान की कल संक्षिप्त यात्रा और हमारी बातचीत के बाद मैं पाकिस्तान से अनुरोध करूंगा कि समूचे क्रिकेट इकोसिस्टम के फायदे के लिये वह 15 फरवरी को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का मैच खेले।''आईसीसी ने दुबई में जारी बयान में कहा कि भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश पर कोई दंड नहीं लगाया जायेगा। बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड टूर्नामेंट खेल रहा है। आईसीसी ने एक बयान में कहा ,'' इस पर रजामंदी बनी है कि मौजूदा मसले के संदर्भ में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर किसी तरह का आर्थिक, खेलसंबंधी या प्रशासनिक दंड नहीं लगाया जायेगा।''

# बार्डर 2 बाक्स आफिस वर्ल्डवाइड 500 करोड़ के करीब सनी देओल की फिल्म, रविवार को लगाया कमाई का अंबार

बॉर्डर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार 17 दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म ने इन 17 दिनों में वर्ल्डवाइड 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर दिया है. वहीं, फिल्म भारत में 350 करोड़ रुपये के कलेक्शन के करीब पहुंच चुकी है. सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर वॉर वेरड फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका मचा रखा है. फिल्म अब अपने 500 करोड़ रुपये के कलेक्शन के करीब पहुंचती जा रही है. अभी भी फिल्म के पास इस शुक्रवार तक कमाने का मौका है. क्योंकि इस शुक्रवार से बॉक्स ऑफिस पर नई फिल्में रिलीज होने जा रही है.बॉर्डर 2 ने 17 दिनों में वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार 458.16 करोड़ रुपये कमा लिए हैं फिल्म अब वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है. फिल्म भारत में 350 करोड़ रुपये की ओर भी बढ़ती नजर आ रही है. फिल्म ने 14 दिनों में 323. 89 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म ने 17वें दिन रविवार को 6.90 करोड़ रुपये कमाए हैं रविवार के दिन बॉर्डर 2 का हिंदी पट्टी में ऑक्यूपेंसी रेट 21.17 फीसदी दर्ज हुआ है. बता दें, बॉर्डर 2 ने भारत में 375.12 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है और भारत में सबसे कमाऊ 50 फिल्मों की लिस्ट में वह 30वें नंबर पर है. इसमें उसने धूम 3, कांतारा,



टाइगर 3, देवरा पार्ट 1, आदिपुरुष, कूली और साहो जैसे बड़े स्टार्स की फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है. बॉर्डर 2 की सफलता के बीच बॉर्डर 3 का भी ऐलान किया जा चुका है. फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार और निधि दत्ता ने बॉर्डर 3 की गुडन्यूज फैंस को दी थी और अब फिल्म की रिलीज डेट का इंतजार है. वहीं, बॉर्डर 2 की बात करें तो इसका निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है. फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी, दिलजीत दोसांझ, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह लीड रोल में हैं फिल्म में अक्षय खन्ना का भी कैमियो दिखाया जा रहा है।

# अपने किरदार को जीने लगी हूं, ड्रैगन का किरदार निभाने वाली कनिका मान ने खोले किरदार से जुड़े राज

टीवी के पॉपुलर सीरियल गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा की कनिका मान एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं, लेकिन इस बार वह आम इंसान बनकर नहीं, बल्कि ड्रैगन बनकर फैंस का दिल जीतने वाली हैं। अब नागिन 7 में अपनी एंट्री और ड्रैगन के किरदार पर कनिका मान ने कहा कि ड्रैगन का किरदार निभाना उनके लिए सपने जैसा है।कनिका मान ने अपने ड्रैगन के खूंखार किरदार पर बात करते हुए कहा, सीरियल में बीते 12 एपिसोड से ड्रैगन दिखाया जा रहा है और दर्शक पहले से ही उससे कनेक्टेड हैं, लेकिन बस अब नया चेहरा मेरा होने वाला है। मुझे उम्मीद है कि मैं ड्रैगन का किरदार अच्छे से निभा पाऊंगी। ड्रैगन की दुनिया अलग है, लेकिन ड्रैगन बनने से पहले किरदार राधिका के जीवन में कई उतार–चढ़ाव हैं, जो दर्शकों को कनेक्ट करने की कोशिश करेगी।मुझे ड्रैगन के लुक को लेकर सबसे ज्यादा एक्साइटमेंट है क्योंकि वह अलग दुनिया से आता है और मैंने आज तक ऐसा किरदार नहीं निभाया है। उन्होंने आगे कहा, राधिका का किरदार कुछ–कुछ ग्रे शेड्स जैसा है। उसे गुस्सा आता है तो वो गुस्सा करती है और अगर खुश है तो खुश हो जाती है, लेकिन उसे सीमा पार करना भी आता है और यही वजह है कि किरदार थोड़ा निगेटिव हो जाता है, लेकिन मुझे इस किरदार को निभाने में मजा आ रहा है।सीरियल में कुछ एक्शन सीन्स भी देखने को मिलेंगे और उनकी शूटिंग भी बहुत सावधानी से होगी। जिस तरीके का किरदार है, मैं अंदाजा लगा सकती हूं कि बहुत सारे स्टंट शूट होंगे। कनिका का कहना है कि वे हर किरदार से कुछ न कुछ सीखती हैं। अपने



नए ड्रैगन के किरदार पर कनिका ने कहा, मेरे लिए ड्रैगन बनना आसान नहीं है, लेकिन उससे ज्यादा मैं राधिका के किरदार से सीख रही हूं। अभी तक मैंने जितने भी रोल किए हैं, उन्हें मैं असल जिंदगी में भी थोड़ा–थोड़ा जीने लगती थी, वैसा ही राधिका के किरदार के साथ हो रहा है क्योंकि मैं उसकी तरह फील करने लगी हूं, उसकी भावनाओं को महसूस करने लगी हूं। मेरे बाकी किरदार बबलीनेस से भरे रहे हैं, लेकिन राधिका और ड्रैगन का किरदार बिल्कुल अलग है। उसका एक सीमित बोलने का तरीका है, चलने का तरीका है। उसके अंदर एक ग्रेस है।

# बार्डर 2 के कहर के आगे बेखौफ हुई मर्दानी 3, दूसरे सडे धुआंधार छापे करोड़ों

रानी मुखर्जी ने 30 जनवरी, 2026 को मर्दानी 3 के साथ बड़े पर्दे पर अपना लॉन्ग अवेटेड कमबैक किया था. फिल्म में पुलिस ऑफिसर शिवानी शिवाजी रॉय के अपने पॉपुलर किरदार में रानी ने एक बार फिर एक दमदार, सामाजिक थ्रिलर से धमाल मचा दिया है. फिल्म ने पहले हफ्ते में ठीक कमाई की थी और दूसरे वीकेंड पर तो इसने जबरदस्त तेजी दिखाते हुए खूब नोट बटोर लिए. चलिए यहां जानते हैं श्मर्दानी 3ध ने रिलीज के 10वें दिन यानी दूसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है? रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म मर्दानी 3 बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है. बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की वॉर ड्रामा श्बॉर्डर 2ध से कड़ी टक्कर का सामना करने के बावजूद, इस कॉप ड्रामा ने




दूसरे वीकेंड पर धमाल मचा दिया है. इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क की शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म ने दूसरे संडे को यानी रिलीज के 10वें दिन 4 करोड़ रुपये कमाए हैं. यह बढ़ोतरी, हालांकि मामूली है, लेकिन यह बताता है कि फिल्म को वीकेंड और छुट्टी का फायदा मिला. वहीं 9वें दिन (दूसरे शनिवार) को फिल्म ने लगभग 3.5 करोड़ रुपये कमाए, जो हफ्ते के दिनों के आंकड़ों की तुलना में एक अच्छी बढ़ोतरी है. इससे पहले, मर्दानी 3 ने गुरुवार और शुक्रवार दोनों दिन 1.85 करोड़ रुपये कमाए थे. 10वें दिन 4 करोड़ रुपये के कलेक्शन को मिलाकर, फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन अब लगभग 35.65 करोड़ रुपये हो गया है. मर्दानी 3 को सिनेमाघरों में कड़ी टक्कर मिल रही है. सनी देओल और वरुण धवन की वॉर ड्रामा बॉर्डर 2 अभी भी आम दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है, जबकि संजय मिश्रा और नीना गुप्ता की वध 2 जैसी नई रिलीज भी दर्शकों को खींच रही हैं. इस भीड़भाड़ वाले रिलीज विंडो ने मर्दानी 3 की दूसरे हफ्ते में ग्रोथ की उम्मीद को कम कर दिया है. हालांकि अच्छी वर्ड ऑफ माउथ और रानी मुखर्जी की स्टार पावर फिल्म को बनाए रखने में मदद कर सकती है, भले ही कलेक्शन में तेजी से उछाल आने की संभावना कम हो. अभिराज मिनावाला द्वारा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी के साथ जानकी बोदीवाला और मल्लिका प्रसाद भी मुख्य भूमिकाओं में हैं. तीन महीनों में सेट, कहानी शिवानी शिवाजी रॉय के इर्द–गिर्द घूमती है, जो 93 टीनएज लड़कियों के चौंकाने वाले गायब होने की जांच करती है, और एक बार फिर एक महिला पुलिस अधिकारी को अपराध के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई के केंद्र में रखती है.

## अनिल कपूर लेकर आए फैमिली बिजनेस, नेटफ्लिक्स ने जारी किया धमाकेदार टीजर

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर हर बार कुछ नया करने के लिए जाने जाते हैं। इस बार भी दर्शक उन्हें एक नए और अलग अवतार में देखेंगे, जिसका आधिकारिक ऐलान हो गया है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम फैमिली बिजनेस है, जिसका निर्माण विक्रम मल्होत्रा, हंसल मेहता और निरेन भट्ट ने मिलकर किया है। नेटफ्लिक्स पर आगामी सीरीज का टीजर जारी किया गया है, जिसमें अनिल के अलावा, विजय वर्मा मुख्य किरदार में दिखाई दिए हैं।फैमिली बिजनेस के टीजर की शुरुआत अनिल से होती है, जो जेह डावर का किरदार निभा रहे हैं, वहीं विजय उनके बेटे सिड मल्होत्रा के किरदार में हैं।

# शालिनी पाडे और जहान कपूर की कामेडी सीरीज बैंडवाले की रिलीज तारीख जारी

विजय देवरकोंडा के साथ अर्जुन रेड्डी से लोकप्रियता हासिल करने वालीं अभिनेत्री शालिनी पांडे अपनी नई वेब सीरीज को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उनकी इस म्यूजिकल कॉमेडी सीरीज का नाम बैंडवाले है, जिसे अक्षत वर्मा और अंकुर तिवारी ने निर्देशित किया है। ब्लैक वारेंट वाले जहान कपूर भी सीरीज का हिस्सा हैं, जो दिवंगत अभिनेता शशि कपूर के पोते हैं। ओएमएल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित बैंडवाले का प्रीमियर भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा।बैंडवाले अमेजन प्राइम वीडियो की ओरिजनल सीरीज है। इसकी कहानी एक युवा कवयित्री मरियम (शालिनी) के इर्द–गिर्द घूमेगी जो अपनी स्वतंत्रता और आत्म–पहचान की तलाश में गुमनाम रूप से अपनी कविताओं को ऑनलाइन साझा करती है। उसकी जर्नी में उसका साथ रोबो और डीजे साइको देते हैं, जो उसके साथी और सबसे करीबी दोस्त हैं। सीरीज में जाने–माने कंपोजर यशराज मुखाते का संगीत भी शामिल है, जिससे कहानी की भावनात्मक यात्रा को आकार मिलता है।बैंडवाले वैलेंटाइन से एक दिन पहले, यानी 13 फरवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देने के लिए तैयार है। इसमें शालिनी और जहान के अलावा स्वानंद किरकिरे, संजना दीपू, दें, शालिनी को आखिरी बार फिल्म राहु केतु में देखा गया था जो 16 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई



आशीष विद्यार्थी और अनुपमा कुमार सहित अन्य सितारे भी शामिल हैं। बता थी। इसमें पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा मुख्य किरदार में थे।

# संतोष सोभन की फिल्म कपल फ्रेंडली का ट्रेलर आउट, 14 फरवरी को होगी रिलीज

संतोष सोभन की आने वाली फिल्म कपल फ्रेंडली का ट्रेलर इमोशनल पलों के साथ काफी रिलेट करने लायक है। अश्विन चंद्रशेखर द्वारा डायरेक्टेड यह फिल्म चेन्नई में रहने वाले एक स्ट्रगलिंग कपल की कहानी बताती है, जिसमें संतोष सोभन और मानसा वाराणसी ने रॉ और ऑथेंटिक परफॉर्मेंस दी है। चेन्नई में सेट इस फिल्म में तेलुगु और तमिल कल्चर का अनोखा मेल इसके चार्म को और बढ़ाता है।ट्रेलर में कपल की एक छोटे, टूटे–फूटे कमरे में रहने से लेकर जिंदगी के उतार–चढ़ाव का एक साथ सामना करने तक का सफर दिखाया गया है। प्यार और रिश्तों के रियलिस्टिक चित्रण के साथ, कपल फ्रेंडली दर्शकों के लिए एक ट्रीट होने का वादा करती है। संतोष सोभन और मानसा वाराणसी के बीच की केमिस्ट्री साफ दिखती है, जो उनके किरदारों की लव स्टोरी को और भी भरोसेमंद बनाती है।कपल्स फ्रेंडली का ट्रेलर वैलेंटाइन डे के लिए एकदम सही है, जिसमें इमोशन, ह्यूमर और ड्रामा का मिक्स है। फिल्म के विजुअल्स, जिन्हें दिनेश ने कैप्चर किया है, और आदित्य रविंद्रन का मधुर बैकग्राउंड स्कोर इसकी अपील को और



बढ़ाते हैं। 14 फरवरी, 2026 को रिलीज होने वाली कपल्स फ्रेंडली कपल्स और प्यार करने वालों के लिए एक रोमांटिक ट्रीट होने वाली है। फिल्म को अजय कुमार राजू और यूवी क्रिएशन्स ने प्रोड्यूस किया है। धीरज मोगिलिनेनी, जो फिल्म को दो तेलुगु राज्यों में रिलीज कर रहे हैं, इसकी सफलता को लेकर कॉन्फिडेंट हैं, और ट्रेलर ने दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट पैदा किया है।

# धनश्री वर्मा का गहरे हरे गाउन में ग्लैमरस लुक हुआ वायरल, तस्वीरें देख फैंस बोले- स्टनिंग ब्यूटी

धनश्री वर्मा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें शेयर किया है. उनका ये नया फोटोशूट उनके फैशन सेंस और ग्लैमरस अंदाज का बेहतरीन उदाहरण है. गहरे हरे रंग की गाउन जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है उनके लुक को रॉयल टच दे रही है. गाउन का फिट और फैब्रिक उनके शरीर पर परफेक्ट बैठ रहा है जिससे उनका स्टाइल और भी निखर कर सामने आ रहा है.धनश्री वर्मा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ बेहद स्टाइलिश और स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं.इस फोटोशूट में उनका लुक ऐसा है कि देखते ही बन रही है. उन्होंने गहरे हरे रंग की गाउन पहनी है जो शॉर्ट फ्रंट और लंबी ट्रेन के साथ डिजाइन की गई है.गाउन का कट और फैब्रिक उनकी फिगर पर बिल्कुल फिट बैठ रहा है और ये उनके लुक में ग्लैमरस टच जोड़ रहा है.फोल्डेड ट्रेन और डिजाइन उन्हें रॉयल और एलीगेंट लुक दे रहे हैं जो हर नजर को अपनी ओर खींच रहे हैं.धनश्री के बाल सॉफ्ट वेवी स्टाइल में सेट किए गए हैं जिससे उनका चेहरा और भी निखर कर सामने आ रहा है. मेकअप भी बहुत ही सिंपल है. उन्होंने हल्की स्मोकी आईज,सटल लिप कलर और चेहरे पर नैचुरल ग्लो उनके लुक को पूरा कर रहे हैं.शाइनिंग हील्स उनके आउटफिट के साथ परफेक्ट मैच कर रही हैं . फोटोशूट में उनकी पोजिंग भी कमाल की है.धनश्री ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, चमकों की दुनिया में कोमल कृपा. इस कैप्शन के साथ फैंस ने भी उन पर खूब प्यार लुटाया है. कमेंट सेक्शन में लोग लिख रहे हैं कि वह बहुत खूबसूरत दिख रही हैं,स्टनिंग ब्यूटी और उनकी ब्यूटी का क्या ही कहना है. उनके फैंस के प्यार और तारीफों ने इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर और भी वायरल बना दिया है.



## केमिकल पीलिंग के बाद ध्यान में रखें ये बातें, त्वचा को नहीं होगा नुकसान

महिलाएं पिछले साल से त्वचा की देखभाल का एक नया रुझान अपना रही हैं, जिसे केमिकल पीलिंग कहा जाता है। यह एक कॉस्मेटिक उपचार है, जिसमें त्वचा की बाहरी परतों को एक्सफोलिएट करने के लिए एक रासायनिक घोल का उपयोग किया जाता है। इसे ऐसे समझें कि इसके जरिए किसी मास्क की तरह मृत त्वचा हट जाती है। इसके बाद नई और मुलायम त्वचा नजर आती है। इस उपचार के बाद इन बातों का विशेष ध्यान रखना अहम होता है।विस्तार से जानें केमिकल पीलिंग का मतलबकेमिकल पीलिंग के दौरान त्वचा पर एक रासायनिक घोल लगाया जाता है, जिसकी मदद से उसकी बाहरी परत हट जाती है। त्वचा की यह पुरानी और क्षतिग्रस्त परत उतरने के बाद नई और स्वस्थ त्वचा उभरती है। यह ज्यादा निखरी, चमकदार, मुलायम और बेदाग होती है। इस उपचार की मदद से महीन रेखाएं, झुर्रियां और झाइयां कम हो जाती हैं। साथ ही यह मुंहासों के दाग, रंजकता और टैनिंग हटाने में भी मदद करता है।

अन्य सक्रीय सामग्रियों का न करें इस्तेमाल केमिकल पीलिंग के बाद त्वचा बहुत संवेदनशील हो जाती है। ऐसे में आपको कई दिनों तक उस पर कोई अन्य सक्रीय सामग्री इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। इनमें रेटिनोइड्स, एएचए, बीएचए, ग्लाइकोलिक एसिड और सैलिसिलिक एसिड आदि शामिल होते हैं। इन्हें लगाने से नई बनने वाली त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है और हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी परेशानियां पैदा हो सकती हैं। केमिकल पीलिंग के कुछ दिनों बाद तक केवल मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन ही उपयोग करें।त्वचा को धूप से रखें सुरक्षितकेमिकल पीलिंग के बा त्वचा पर बिलकुल धूप न लगने दें। नई त्वचा अल्ट्रा वॉयलेट किरणों के प्रति बहुत संवेदनशील होती है। इनके संपर्क में आने से जलन पैदा हो सकती है, उपचार में बाधा आ सकती है और रंजकता व टैनिंग का खतरा हो सकता है। अगर आपको इस दौरान सनबर्न हो गया तो गंभीर क्षति हो सकती है और गहरे दाग पड़ सकते हैं। ऐसे में सनस्क्रीन लगाएं, चेहरे को ढकें और दिन में घर पर रहें।त्वचा को छूने और छीलने की न करें गलतीकेमिकल पील का असर कुछ दिनों बाद नजर आता है, क्योंकि त्वचा धीरे–धीरे करके फटती है। हालांकि, बाहरी परत खुद ही उतर जाती है, जिसे छीलने की गलती नहीं करनी चाहिए। मृत त्वचा की परतों को छीलने या नोचने से संक्रमण का खतरा रहता है और आसानी से न हटने वाले निशान पड़ सकते हैं।

# द केरल स्टोरी 2 से जारी हुआ पहला गाना ओ माई, एक-एक शब्द करेगा भावुक

पहले पार्ट द केरल स्टोरीध ने अपनी बेबाक कहानी से देशभर में बहस छेड़ दी थी। अब इसका सीक्वल उससे भी ज्यादा इंटेंस नजर आ रहा है। हाल ही में इस फिल्म का पहला गाना ओ माई री रिलीज किया गया है।ओ माई री गाना मां और बच्चे के रिश्ते को समर्पित है। यह गाना मां के उस निरूस्वार्थ प्यार, सुरक्षा और अपनेपन को महसूस कराता है, जो हर बच्चे के लिए सबसे बड़ा कवच होता है। मन्नन शाह का सोलफुल म्यूजिक और मनोज मुंतशिर के इमोशनल लिरिक्स इस गाने को और भी खास बना देते हैं। फिल्म का टीजर पहले पार्ट से कहीं ज्यादा शार्प और इंटेंस नजर आ रहा है। नेशनल अवॉर्ड जीत चुके निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह की यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की कहानी दिखाती है। इन किरदारों को उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है।कहानी तब और डार्क मोड़ पर पहुंचती है, जब ये तीनों लड़कियां दूसरे धर्म के युवकों के साथ रिलेशनशिप में आती हैं। जो कहानी प्यार से शुरू होती है, वह धीरे–धीरे एक डरावनी सच्चाई में बदल जाती है, जहां धर्मांतरण जैसे गंभीर मुद्दे सामने आते हैं। श्द केरल स्टोरी 2 – गोज बियॉन्डध को विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस किया है। वहीं आशिन ए शाह ने इसे सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले को–प्रोड्यूस किया है।




हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।